आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक

# उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 154 | हापुड़, शनिवार 21 दिसंबर 2024 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज: 06

## लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित

नई दिल्ली । लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। श्री बिरला ने सदन की कार्यवाही शुरू की तो विपक्ष के सदस्य हंगामा करने लगे। अध्यक्ष ने कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से अपने मंत्रालय से सम्बंधित विधेयक संयुक्त समिति को सौंपे जाने वाला दस्तावेज सदन के पटल पर रखने के लिए कहा। इसके बाद उनके सदन की कार्यवाही शुरू करते ही विपक्ष के सदस्यों का हंगामा और तेज होने लगा। अध्यक्ष ने सदस्यों के कहा मैं आपसे पुन-आग्रह करता हूं कि संसद की गरिमा और मर्यादा बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। संसद भवन परिसर में किसी भी तरह का धरना, प्रदर्शन करना उचित नहीं है। आप सभी को इस विषय से जुड़े नियमों का अनुपालन करना सुनिश्चित करना होगा। मैं फिर आग्रह करूंगा कि इसे गंभीरता से लें और किसी भी स्थिति में संसद परिसर में प्रदर्शन ना करें, वरना करवाई की जा सकती है। श्री बिरला ने वंदे मातरम के बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।

## लोकसभा ने एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक संसद की संयुक्त समिति को भेजा

नई दिल्ली । लोकसभा ने बहुचर्चित एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक शुक्रवार को संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेज दिया। विधेयक पर विचार के लिए गठित जेपीसी में कुल 39 सदस्य हैं, जिनमें 27 सदस्य लोकसभा से और 12 राज्यसभा के हैं। ये सदस्य इस विधेयक में संशोधन से जुड़े सभी पहलुओं पर गहनता से विचार विमर्श करेंगे। समिति में लोकसभा के सदस्यों में पीपी चौधरी, डॉ सीएम रमेश, सुश्री बांसुरी स्वराज, पुरुषोत्तम भाई रूपला, अनुराग सिंह ठाकुर, विष्णु दयाल राम, भर्तृहरि महताब, डॉ समित पात्रा, अनिल बलूनी, विष्णु दत्त शर्मा, बैजयंत पांडा, डॉ संजय जयसवाल, प्रियंका गांधी वाड्रा, मनीष तिवारी, सुखदेव भगत, धर्मेंद्र यादव, छोटेलाल, कल्याण बनर्जी, टीएम सेल्वगणपति, जीएम हरिध बालयोगी, अनिल यशवंत देसाई, सुप्रिया सुले, डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे, श्रीमती शाम्भवी, के. राधा कृष्णन, चंदन चौहान तथा बी बल्लभानेनी शामिल हैं। समिति में 12 सदस्य राज्यसभा के हैं।

## राज्यसभा में लगभग 30 प्रतिशत समय में तो सभापति धनखड़ ही बोले हैं- ओ'ब्रायन

नई दिल्ली । तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के संसदीय दल के नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ सदन में कामकाज के दौरान लगभग 30 प्रतिशत समय तो खुद ही बोले हैं। संसद के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन सभापति पर निशाना साधते हुए ओ'ब्रायन ने संक्षिप्त बयान में कहा कि 18 दिसंबर तक राज्यसभा की कार्यवाही कुल 43 घंटे चली, जिसमें से लगभग साढ़े चार घंटे धनखड़ बोले हैं। राज्यसभा के सभापति या सदस्यों के बोलने के समय का कोई आधिकारिक रिकॉर्ड नहीं है। टीएमसी के नेता ने कहा, 18 दिसंबर तक राज्यसभा की कार्यवाही 43 घंटे चली। इनमें से 10 घंटे विधेयकों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा, साढ़े 17 घंटे संविधान पर चर्चा हुई। शेष साढ़े 15 घंटे में से साढ़े चार घंटे यानी लगभग 30 प्रतिशत समय वह बोलते रहे। वह मतलब राज्यसभा के सभापति। उन्होंने कहा, क्या जगदीप धनखड़ ने संसद में नया रिकॉर्ड बना दिया है। इससे पहले विपक्षी दलों ने सभापति के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश किया था, जिसे बृहस्पतिवार को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने खारिज कर दिया था।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने जयपुर गैस टैंकर दुर्घटना में हुई मौतों पर दुख व्यक्त किया

नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को जयपुर गैस टैंकर दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुर्मू ने घायलों के भी शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। जयपुर के पास शुक्रवार सुबह एलपीजी टैंकर को एक ट्रक द्वारा टक्कर मारे जाने के बाद लगी आग ने 30 से अधिक वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में सात लोगों की जानें चली गईं तथा 35 अन्यो झुलस गए। मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'जयपुर में सड़क दुर्घटना में अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना करती हूं। उनके परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी शोक संवेदनाएं! मेरी प्रार्थना है कि घायल हुए लोग शीघ्र ही स्वस्थ हों।

## मुख्यमंत्री नीतीश की तबीयत अचानक बिगड़ी, सभी कार्यक्रम रद्द

पटना । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके चलते उनके शुक्रवार को पूर्व में निर्धारित सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। नीतीश पटना में चल रहे ग्लोबल निवेशक सम्मेलन-बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 में भी हिस्सा नहीं लेंगे। हालांकि, सीएम के स्वास्थ्य के बारे में अभी तक ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाई है। बताया जा रहा है कि सर्दी के मौसम की वजह से वे बीमार हुए हैं। डॉक्टर ने उन्हें आराम की सलाह दी है। मुख्यमंत्री का शुक्रवार को अपने गृह जिले नालंदा के दौरे का कार्यक्रम था। वे राजगीर में मगध सम्राट जरासंध की प्रतिमा का अनावरण करने वाले थे। प्रशासन ने इसकी तैयारी भी पूरी कर ली थी। लेकिन, ऐन वक्त पर सीएम का दौरा रद्द हो गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री पटना में आयोजित बिहार बिजनेस कनेक्ट के समापन समारोह में शामिल होने वाले थे। शुक्रवार को निवेशक सम्मेलन में उनका संबोधन था। इसके अलावा विभिन्न कंपनियों के पदाधिकारियों से उनकी मीटिंग भी तय थी। हालांकि, तबीयत खराब होने की वजह से अब ये बैठक रद्द हो गई है। मुख्यमंत्री सचिवालय की ओर से फिलहाल सीएम नीतीश के स्वास्थ्य के बारे में कोई विस्तृत सूचना नहीं दी गई है। माना जा रहा है कि मौसम में बदलाव की वजह से मुख्यमंत्री को सर्दी, जुखाम और बुखार हो गया है।

## हेलीपैड नहीं सड़क पर उतरा मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव का हेलिकाप्टर

इन्दौर । एक अनूठी मिसाल के तहत इन्दौर पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का हैलीकॉप्टर लव कुश चौराहे से बाईपास तक बनी लगभग साढ़े 9 किलोमीटर लंबी और 60 मीटर चौड़ी सड़क पर उतरा और यही से रवाना भी हुआ। ज्ञात हो कि इन्दौर विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित इस सड़क की कुल लागत 185 करोड़ रुपए आई है। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व में निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर इन्दौर नित नई मिसाल पेश करता है। आज इंदौर दौरे पर आए मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने जब अपना हेलिकाप्टर इन्दौर विकास प्राधिकरण द्वारा बनाए जा रही रूक्र 12 सड़क पर उतारा तो इस विकास की नींव पर जैसे पुख्ता मुहर ही लग गयी। इंदौर विकास प्राधिकरण के प्रशासक संभागायुक्त दीपक सिंह और कलेक्टर आशीष मुख्यमंत्री के साथ इस सड़क पर पहुँचे और इसकी मज़बूती और उपयोगिता की जानकारी उन्हें दी।

# आंबेडकर का सम्मान न करने वाली भाजपा और अन्य पार्टियां एक ही थैले के चट्टे-बट्टे- मायावती



लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) मायावती ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये सभी ''बाबा साहब डॉ. आंबेडकर का निरादर करने के मामले में एक ही थैले के चट्टे-बट्टे हैं''। मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, ''भाजपा के श्री अमित शाह द्वारा संसद में दलित एवं अन्य उपेक्षित वर्गों के मसीहा परमपूज्य बाबासाहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के बारे में जिन शब्दों का इस्तेमाल किया गया है, उससे इन वर्गों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। ऐसे में उन शब्दों को वापस लेकर इनको पश्चाताप भी जरूर करना चाहिए।''उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री का यह बयान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा इस सप्ताह की शुरुआत में राज्यसभा में आंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दलों के बीच चल रही खींचतान के बीच आया है। उन्होंने कहा कि इस बात से इनकार करना असंभव है कि कांग्रेस, भाजपा एवं इनके सहयोगी दलों का चाल, चरित्र व चेहरा बाबा साहेब डा. आंबेडकर व उनके करोड़ों दलित-पिछड़े, शोषित-पीड़ित अनुयायियों के हितों और कल्याण के प्रति हमेशा संकीर्ण एवं जातिवादी रहा है और यही वजह है कि इन समुदायों के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक हालात लगातार बदतर हुए हैं। बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर के प्रति दिल से सम्मान नहीं करने, उनके अनुयायियों के विरुद्ध अन्याय-अत्याचार करने तथा इन्हें संवैधानिक एवं कानूनी हक देने के बजाय छीनने में भी ये पार्टियां एक ही थैली के चटटे-बट्टे हैं। ''इसको लेकर सत्ता व विपक्ष के बीच जारी तकरार केवल वोट के स्वार्थ की राजनीति है।''बसपा प्रमुख ने संविधान जगह-जगह लहराये जाने और नीला रंग पहनने आदि को दिखावे की सस्ती राजनीति करार देते हुए कहा कि यह सब करने से पहले सत्ता एवं विपक्ष दोनों को अपने दिल की संकीर्णता, जातिवाद एवं द्वेष आदि की कालिख मिटाकर पाक-साफ बनना होगा, तभी इन वर्गों और देश का भी हित संभव होगा।

## राहुल के खिलाफ प्राथमिकी से दिखता है कि सत्तापक्ष में हताशा किस स्तर की है- प्रियंका गांधी



नई दिल्ली । कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने को लेकर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और कहा कि इस बात से पता चलता है कि सत्तापक्ष में किस स्तर की हताशा है।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत के लोग बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान सहन नहीं करेंगे। दिल्ली पुलिस ने संसद परिसर में हुई ''धक्का-मुक्की'' के सिलसिले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ बृहस्पतिवार को प्राथमिकी दर्ज की। इससे पहले दिन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ पुलिस को एक शिकायत देकर उन पर संसद परिसर में ''धक्का-मुक्की'' के दौरान ''शारीरिक हमला और उकसावे'' में शामिल होने का आरोप लगाया। राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी के बारे में पूछे जाने पर प्रियंका गांधी ने संवाददाताओं से कहा, ''आज पूरा देश देख रहा है कि भाजपा के लोगों ने राहुल गांधी जी पर तमाम मामले दर्ज करा रखे हैं। वे नित नई प्राथमिकी दर्ज कराते हैं और झूठ बोलते हैं। यह उनकी हताशा का स्तर दिखाता है।''प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया, ''यह सरकार 'अदाणी' पर चर्चा से डरती है, किसी भी चर्चा से डरती है।

अब उन्होंने जो किया है, उनके मन में आंबेडकर जी के प्रति जो असली भावना थी वह सामने आ गई है।''उन्होंने कहा, ''अब वे विपक्ष से डर रहे हैं, क्योंकि अब हम इस मुद्दे को उठा रहे हैं।''कांग्रेस महासचिव ने कहा कि देश का संविधान बाबासाहेब आंबेडकर, भारत की जनता और आजादी की लड़ाई की देन है। प्रियंका गांधी ने इस बात पर जोर दिया, ''बाबासाहेब का अपमान हिंदुस्तान नहीं सहेगा।''

## दिल्ली का पूरा पूर्वांचली समाज भाजपा को देगा जवाब - अरविंद केजरीवाल



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बयान पर उन्हें घेरते हुए कहा है कि उन्होंने पूर्वांचल के रहने वालों के लिए जो बयान दिया है, वह पूरी तरीके से गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि जेपी नड्डा ने संसद में दो दिन पहले हमारे पूर्वांचल के रहने वाले भाइयों की रोहिंग्या, बांग्लादेशियों और घुसपैठियों से तुलना की थी। दिल्ली का पूरा पूर्वांचली समाज अब भाजपा को जवाब देगा। दरअसल, आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर आरोप लगाया था कि वह आम आदमी पार्टी के वोटरों के वोट कटवाने के लिए इलेक्शन कमीशन को पत्र दे रही है और जिसमें नाम-पता सब कुछ होने के बावजूद उनके उस स्थान पर नहीं होना बताया गया था। इस पर आम आदमी पार्टी ने अपनी तरफ से एक सर्वे भी करवाया था, जिसमें तकरीबन 75 प्रतिशत लोग इस पते पर पाए गए, जिनके वोट कटवाने के लिए भाजपा की तरफ से आवेदन दिए गए थे। इसी मुद्दे पर जब सदन में सवाल उठा तो भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा ने जिन लोगों का भी नाम कटवाने के लिए पत्र दिया है, उसमें उन्होंने कारण लिखे होंगे। फिर चाहे वह पूर्वांचली हो, रोहिंग्या हो या बांग्लादेशी हों। उनके बयान को आम आदमी पार्टी ने मुद्दा बनाया और अब भाजपा पर हमलावर है। अरविंद केजरीवाल ने इस बयान को लेकर कहा कि जब से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, हमने पूर्वांचलियों को सम्मान दिया है और हम हमेशा उन्हें सम्मान देते रहेंगे।

## सनातन धर्म सुरक्षित है तो दुनिया में सब सुरक्षित हैं -मुख्यमंत्री योगी



अयोध्या । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री अयोध्या धाम के अशर्फी भवन आश्रम में आयोजित भव्य अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद्भागवत पाठ और पंच नारायण महायज्ञ में भाग लिया। सीएम योगी ने महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए आहुतियां अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति के माध्यम से समाज में सकारात्मकता और शांति का प्रसार होता है। ऐतिहासिक मंदिरों पर आक्रमण की घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग इन पवित्र स्थलों को नष्ट करने का काम करते थे, उनका कुल और वंश नष्ट हो गया। औरंगजेब के परिवार के लोग आज रिक्शा चला रहे हैं। यह उनकी दुर्गति है। अगर उन्होंने पुण्य किए होते और मंदिरों को न तोड़ा होता, तो क्या उनकी ऐसी स्थिति होती? विश्व शांति की स्थापना केवल सनातन धर्म के माध्यम से हो सकती है। यह शाश्वत धर्म है, जो सृष्टि के आरंभ से ही चला आ रहा है। सीएम योगी ने कहा कि विरासत और विकास के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए। उन्होंने अयोध्या में हो रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार ने संतों के मार्गदर्शन में अयोध्या के वैभव को पुनः स्थापित करने का कार्य किया है। रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण और अयोध्या धाम का विकास इसका जीवंत उदाहरण है।

यह यज्ञ न केवल आत्मशुद्धि और पर्यावरण शुद्धि का माध्यम है, बल्कि यह सनातन धर्म की रक्षा और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार भी करता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन मां सरयू के पवित्र अंचल और भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर हो रहा है, जो इस यज्ञ को और भी विशेष बनाता है। उन्होंने आगे कहा कि जिन गलतियों की वजह से भारत को गुलामी की बेड़ियां झेलनी पड़ीं और हमारे धर्म स्थलों का अपमान हुआ, उन्हें दोबारा नहीं दोहराया जाना चाहिए। उन्होंने भारतवासियों से सनातन धर्म की रक्षा और संरक्षण के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। सीएम योगी ने कहा कि अगर विश्व मानवता को बचाना है तो सनातन धर्म का सम्मान करना होगा। यह धर्म सभी के कल्याण की बात करता है। उन्होंने वसुधैव कुटुंबकम का संदर्भ देते हुए कहा कि यह केवल सनातन धर्म है, जिसने हर जाति और मजहब के लोगों को विपत्ति के समय शरण दी है। सीएम योगी ने कहा कि भारत तब तक भारत है जब तक यहां सनातन धर्म सुरक्षित है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस धर्म के संरक्षण और संवर्धन के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। युगों-युगों से सनातन धर्म ने सृष्टि के साथ तालमेल बनाकर खुद को जीवंत बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इसे किसी भी प्रकार की विकृतियों या विसंगतियों से बचाने के लिए हमें सतर्क रहना होगा। भारत तब तक भारत है जब तक भारत के अंदर सनातन धर्म सुरक्षित है। इसकी रक्षा के लिए इसके संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर के कार्य करना होगा। यह एक शाश्वत धर्म है, सृष्टि के साथ चला हुआ धर्म है हो सकता है कि किसी कालखंड में कुछ विसंगतियां आई हो लेकिन, विसंगती का परिमार्जन भी हमारे ऋषि मुनि संतो के माध्यम से समय-समय पर महापुरुषों के द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करते हुए हम करेंगे। कहीं भी हम आपसी उन फूट का, आपसी बंटवारे का, आपसी विभाजन की गलतियों को पूरे देश और पूरे धर्म को नहीं भुगतने देंगे, इस संकल्प के साथ हमें आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि आज बांग्लादेश में क्या हो रहा है, पाकिस्तान में क्या हुआ था, इससे पहले अफगानिस्तान में क्या हुआ ? मैं पूछना चाहता हूं उन लोगों से वह कौन लोग थे जिन्होंने देश के अंदर सनातन धर्म से जुड़े हुए उन मान बिंदुओं को नष्ट करने का काम किया था, और क्यों किया था, उसके पीछे की नीयत क्या थी। उसके पीछे की नियति थी अपने कुकृत्यों को अंजाम दे करके पूरी धरती को नर्क बनाने की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि काशी में काशी विश्वनाथ मंदिर, अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि, मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि, संभल में कल्की अवतार की हरिहर भूमि, भोज में ज्ञान के अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के पावन मंदिर जैसे पवित्र स्थलों को अपवित्र करने वालों का आज कोई अस्तित्व नहीं है। यह उनके पापों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में कोई भी ऐसी स्थितियां उत्पन्न न हो, जिनसे हमारे धर्म स्थलों को अपमानित होना पड़े। उन्होंने पंच नारायण महायज्ञ के आयोजन के लिए जगद्गुरु रामानुजाचार्य पूज्य स्वामी शंकराचार्य महाराज और उनकी टीम का धन्यवाद किया। सीएम योगी ने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इस यज्ञ का पुण्य पूरे भारतवासियों को प्राप्त होगा।

# विपक्ष ने विजय चौक से संसद तक मार्च किया, गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग की

नई दिल्ली । कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के कई अन्य घटक दलों के नेताओं ने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के संदर्भ में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा की गई ''अपमानजनक'' टिप्पणी के खिलाफ शुक्रवार को यहां मार्च निकाला और शाह से माफी तथा इस्तीफे की मांग की। विपक्षी दलों के सांसदों ने संसद के निकट विजय चौक से संसद भवन तक मार्च किया। उन्होंने बाबासाहेब की तस्वीर वाली तख्तियां लेकर नारेबाजी की।









उन्होंने 'जय भीम', ''अमित शाह इस्तीफा दो'' और ''अमित शाह माफी मांगो'' के नारे लगाए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, पार्टी के कई सांसद, द्रमुक सांसद कनिमोझी, राष्ट्रीय जनता दल की नेता मीसा भारती, झारखंड मुक्ति मोर्चा की सांसद महुआ माझी और 'इंडिया' गठबंधन के कुछ अन्य घटक दलों के नेता इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि संविधान निर्माता बाबासाहेब आंबेडकर का अपमान किया गया है। उन्होंने कहा कि देश बाबासाहेब का अपमान सहन नहीं करेगा। विपक्षी दल संसद के शीतकालीन सत्र में, संसद भवन के मकर द्वार के निकट विरोध प्रदर्शन करते थे, लेकिन बृहस्पतिवार की 'धक्का-मुक्की' की घटना के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने निर्देश दिया कि कोई भी राजनीतिक दल, सांसद और सांसदों का समूह संसद के किसी भी द्वार पर प्रदर्शन नहीं कर सकते। गृह मंत्री अमित शाह की बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर से संबंधित टिप्पणी को लेकर विरोध जताते हुए कल विपक्षी सदस्यों ने मार्च निकाला तो भाजपा सांसदों ने कांग्रेस पर बाबासाहेब के अपमान का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। संसद भवन के 'मकर द्वार' के निकट सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्य एक दूसरे के सामने आ गए और जमकर नारेबाजी की। भारतीय जनता पार्टी का आरोप है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने धक्का-मुक्की की जिस वजह से उसके बुजुर्ग सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हुए। भाजपा सासंद मुकेश राजपूत को भी चोट लगी है।

दूसरी तरफ, कांग्रेस का दावा है कि भाजपा के सांसदों ने उसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कई महिला सांसदों को संसद भवन में जाने से रोका और धक्का-मुक्की की। कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों का आरोप है कि शाह ने 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' विषय पर राज्यसभा में दो दिन तक चली चर्चा का जवाब देते हुए मंगलवार को अपने संबोधन के दौरान बाबासाहेब का अपमान किया।

मुख्य विपक्षी दल ने शाह के संबोधन का एक वीडियो अंश भी जारी किया, जिसमें गृह मंत्री विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए यह कहते सुने जा सकते हैं, ''अभी एक फैशन हो गया है- आंबेडकर, आंबेडकर। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।''दूसरी तरफ, भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा बाबासाहेब का अपमान किया और यह सुनिश्चित किया कि वह चुनाव में हार जाएं।

# संपादकीय

## वास्तु शास्त्र में तांबा का चमत्कारी प्रभाव, जाने कैसे करें इस्तेमाल

वैज्ञानिक तौर पर तांबा शरीर के लिए उपयोगी माना गया है, लेकिन आज हम आपको बता रहें है कैसे ज्योतिषशास्त्र के अनुसार तांबा आपके जीवन की परेशानियों को दूर कर सकता है। तांबे की शुद्धता को ध्यान में रखते हुए इसे धारण किया जा सकता है। आइये जानते है तांबा पहनने के क्या फायदे होते है....-अगर आपके घर में वास्तुदोष है जिसके कारण आपके और आपके परिवार के सदस्यों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो वास्तु के अनुसार अपने घर में एक चौकोर तांबे का टुकड़ा रखें। ऐसा करने से आपका घर वास्तुदोष से मुक्त होगा।-अगर आपने घर बनवाते समय वास्तु के नियमों को ध्यान में नहीं रखा है और आपके घर का मुख्य द्वार वास्तु के अनुसार नहीं है तो अपने दरवाजे के वास्तुदोष को दूर करने के लिए दरवाजे पर तांबे के सिक्के लटका दें।



ये सिक्के आपके घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश नहीं होने देंगे।-अगर आपके घर की दक्षिण दिशा में दोष है तो आप इस दिशा के दोष से छुटकारा पाने के लिए ठोस तांबे का पिरामिड घर में रखें। इसे घर में रखने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। -छोटे बच्चे को अगर बार-बार नजर लग जाती है तो आप अपने बच्चे को एक तांबे के सिक्के में छेद करके उसे काले धागे में पिरोकर बच्चे को पहनाएं। ऐसा करने से आपका बच्चा किसी की बुरी नजर से सुरक्षित रहेगा।-तांबे की अंगूठी पहने से व्यक्ति के सूर्य दोष दूर होते हैं। इसलिए अगर कमजोर सूर्य के कारण जीवन में परेशानियां आप कम नहीं कर पा रहे तो ऐसे में यह अंगूठी पहनें।

बहुत जल्द आपको इसका असर दिखेगा, आपको मान-सम्मान और प्रसिद्धि मिलेगी।-तांबे की अंगूठी गुस्सा नियंत्रण करने में कारगर है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यह शांत प्रकृति का है और गर्मी दूर करता है। इसलिए व्यक्ति के मानसिक स्थिति को संतुलित कर गुस्सा शांत करता है।-आश्चर्यजनक रूप से तांबे का प्रयोग आपको वास्तु दोषों से भी दूर रखता है। शुद्धक होने के कारण आप अगर इसे किसी भी रूप में शरीर पर धारण करते हैं तो यह आपको वास्तु दोषों के प्रभाव से मुक्त करता है।

## कहानी -वाणी पर नियंत्रण

सेठ बनवारीलाल नगर के एक प्रसिद्ध उद्योगपति थे। उनकी एकमात्र संतान मुकुंदीचंद शिक्षा, सामाजिक गतिविधि एवं साहित्य के क्षेत्र में काफी प्रतिभावान समझे जाते थे। उनके स्वभाव में एक बहुत बडी कमजोरी थी कि उन्हें धन का घमंड होने के साथ साथ वे वाचाल थे। उन्हें गुस्सा बहुत जल्दी आ जाता था। इस अवस्था में वे कब किसे क्या कह दें, इसका उन्हें खुद भी ध्यान नहीं रहता था। एक दिन उन्होंने कारखाने में श्रमिक नेता को बुलाकर पूछा कि कारखाने में समुचित उत्पादन और गुणवत्ता क्यों नहीं आ रही है ? इस विषय पर बातचीत होते होते मुकुंदीचंद नाराज हो गये और श्रमिक नेता एवं श्रमिकों के प्रति अपशब्दों का प्रयोग करने लगे। यह सुनकर श्रमिक नेता भड़क उठा और दोनों के बीच तनातनी एवं बहस होने लगी। यह जानकर सारे कर्मचारी अपनी ड्यूटी छोड़कर मुकुंदीचंद के कमरे के बाहर खडे हो गये। उनमें से तीन लोग वार्तालाप हेतु मुकुंदीचंद के पास गये। वहाँ पर बातचीत के दौरान मुकुंदीचंद इतने गुस्से में आ गये कि उन्होंने तीनों को थप्पड़ मार दिया। यह देखकर श्रमिक नेता ने बाहर आकर सभी मजदूरों को इस घटना से अवगत कराया। वे यह सुनते ही भड़क उठे और सब के सब एक साथ कमरे के अंदर घुस गये और मुकुंदीचंद से हाथापाई करने लगे। जैसे ही इस घटना की सूचना सेठ बनवारीलाल को मिली वे दौडे दौडे कारखाने आये। वहाँ के माहौल को देखकर हतप्रभ रह गये उन्होंने तुरंत पुलिस बुलाकर बड़ी मुश्किल से कर्मचारियों पर नियंत्रण करके मुकुंदी की जान बचायी। इसके बाद बनवारीलाल जी ने मुकंदी को कहा कि मैंने कई बार तुम्हें समझाया था कि हमें अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना चाहिए परंतु तुम्हारी वाणी हमेशा अनियंत्रित होकर ऐसे शब्दों में उलझ जाती है जिससे सामने वाला अपने को अपमानित महसूस करता है। आज के घटनाक्रम से परिवार का कितना नाम खराब हुआ है,जिस संस्थान में सभी कर्मचारी मेरे प्रति सम्मान रखते है वहाँ पर मेरा ही बेटा पिटकर घर आ रहा है। तुम्हारी क्या प्रतिष्ठा बची है और अब किस मुँह से तुम कार्यालय आओगे। यह सुनकर और आत्मचिंतन करके मुकुंदीचंद ने अपनी गलती महसूस की और भविष्य में अपनी वाणी पर लगाम रखने की कसम खाई। इसलिए कहा जाता है कि- ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोए। औरन को शीतल करे, आपहु शीतल होए।।

## 21 दिसंबर 2024 का पंचांग

सूर्योदय- 07.08 प्रात-
सूर्यास्त- 05.42 सायं
सूर्य राशि- धनु
चंद्र उदय- 11.29 रात्रि
चंद्र अस्त- 12.05 प्रात-
चंद्रमा- सिंह राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना मार्गशीर्ष-20 पूर्णिमांत महीना पौष-06 पक्ष-कृष्ण पक्ष-06 तिथि- षष्ठी दोपहर- 12.21 तक बाद में सप्तमी, नक्षत्र-मघा प्रात- 03.47 तक बाद में पूर्वाफाल्गुनी,योग- प्रीति सायं-06.22 तक बाद में आयुष्मान,
करण-वणिज दोपहर- 12.21 तक बाद में बव,राहु काल प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक, कुलीक काल दोपहर- 06.00 से 07.30 बजे तक यमगंड दोपहर- 01.30 से 03.00 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त दोपहर-12.03 से 12.46 तक
दुमुहूर्त प्रात- 08.32 से 09.14 तक
अमृत काल प्रात- 11.10 से 12.56 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.32 से 06.20 तक।

## आज 21 दिसंबर का दैनिक राशिफल।

मेष- बुद्धिमानी से कार्य करेंगे, टेक्निकल, रिसर्च,सेना के क्षेत्र में प्रगति करेंगे, बोली हुई बात या अनुमान सही साबित होगा।
भाग्य प्रतिशत-72

वृषभ-स्कॉलरशिप पर विदेश पढ़ने जा सकते है, खाने पर ध्यान रखें, पेट खराब रह सकता है, कानून के क्षेत्र में थोड़ी मुश्किल होगी।
भाग्य प्रतिशत-67

मिथुन- ब्लड प्रेशर, यूरिक एसिड का ध्यान रखें, मसालेदार भोजन कर सकते है, लोगों से कम्युनिकेशन स्थापित करेंगे, काम बनेगा।
भाग्य प्रतिशत-58

कर्क- मन में शंका ना उत्पन्न करें, मंत्र साधना कर सकते है, नौकरी में सेलरी बढ़ेगी, काम को नया आयाम देना चाहेंगे, छोटी यात्रा सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-60

सिंह- रुका कार्य बनेगा, सरकारी क्षेत्र से जुड़ा कोई कार्य कर सकते है, प्रॉपर्टी में निवेश का अवसर रहेगा, संतान की उन्नति होगी।
भाग्य प्रतिशत-79

कन्या-आत्मविश्वास में कमी हो सकती है, अपने काम में निरन्तरता रखें और बने रहे, कुछ विलंब होंगे लेकिन बुद्धिमानी से काम कर लेंगे।
भाग्य प्रतिशत-53

तुला- विवाह का सुख मिलेगा, नए संबंधों में बोलने से पहले विचार करें, माता को पुराना रोग उभर सकता है, शिक्षा पर फोकस बढ़ाना होगा।
भाग्य प्रतिशत-66

वृश्चिक- राजनीति या कार्यक्षेत्र में अपना काम दिखाने का अवसर मिलेगा, ज्ञान के साथ आपके व्यक्तित्व से लोग प्रभावित होंगे, मकान से शिफ्ट कर सकते है।
भाग्य प्रतिशत-70

धनु- कुछ रिश्ते से मोहभंग हो सकता है, शरीर के किसी अंग में समस्या आ सकती है, पब्लिशिंग हाउस, पत्रकार, सलहाकार कार्य में प्रगति करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-56

मकर- यात्रा का योग है, ईश्वर की अराधना बढ़ा सकते है, तनाव से बचे, टैलेंट का सही उपयोग सही जगह करना चाहेंगे।
भाग्य प्रतिशत-62

कुम्भ- सुख साधन बढ़ेंगे, परिवार की उन्नति होगी, काम से नई पहचान मिलेगी, प्रॉपर्टी ले पाएंगे, धार्मिक कार्य में धन खर्च करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-74

मीन- काम में जोश और बुद्धिमानी दोनों दिखाएंगे, अधिकारी वर्ग से अच्छी बनेगी, भाग्य पक्ष का साथ मिलेगा, लंबी दूरी की यात्रा करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-70

# सोनू सूद और हनी सिंह ने फतेह के अपने गाने हिटमैन से दिल्लीवासियों को झुमाया

नयी दिल्ली । बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद और रैपर-गायक हनी सिंह ने अपनी आने वाली फिल्म फतेह के गाना हिटमैन से दिल्लीवासियों को झुमाया। सोनू सूद और हनी सिंह ने डांस नंबर हिटमैन के साथ दिल्ली में धूम मचा दी। इस जोड़ी ने पीवीआर प्लाजा, कनॉट प्लेस में एक भव्य कार्यक्रम में अपने खास अंदाज और पंजाबी पावर के साथ धूम मचा दी।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक जबरदस्त भव्य एंट्री थी जिसने प्रशंसकों को उन्माद में डाल दिया। जैसे ही स्पीकर पर %हिटमैन% की धूम मची, सोनू और हनी पार्टी के दो राजाओं की तरह स्टाइल में पहुंचे। भीड़ उत्साह से झूम रही थी और सीपी की मशहूर सड़कों पर नया गाना बज रहा था, जिससे माहौल में असीम ऊर्जा भर गई।सोनू और हनी ने सितारों के साथ मिलकर तस्वीरें खिंचवाईं और कार्यक्रम को पूरी तरह से पार्टी में बदल दिया। सोनू सूद ने कहा, दो पंजाबी लड़के, एक शानदार गाना और एक ऐसा शहर जो पार्टी करना जानता है। इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। हिटमैन को दिल्ली लाना घर



लाने जैसा लगा। इस शहर की ऊर्जा और संगीत के प्रति इसका प्यार बेमिसाल है। हनी और मैं दिल्लीवालों को एक ऐसा ट्रैक देना चाहते थे जिसे वे अपना सकें, और उन्हें हमारे साथ नाचते, खुश होते और जश्न मनाते देखना अविश्वसनीय था। यह तो बस शुरुआत है। पार्टी और भी बड़ी होने वाली है। हनी सिंह ने कहा,मैं अपने प्रशंसकों को हिटमैन को पसंद करने और इसे तुरंत हिट बनाने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ! सोनू सर के साथ दिल्ली के लोगों के साथ इस पर थिरकना 2024 का जश्न मनाने का सबसे सही तरीका है, जो अपने अंत के करीब है। दिल्ली में तूफ़ान लाने में हमें बहुत मज़ा आया, और यहाँ हमने जो ऊर्जा महसूस की वह अविश्वसनीय थी। यह गाना उन सभी के लिए है जो डांस फ़्लोर पर धूम मचाने के लिए तैयार हैं।नए साल को बस अपना आधिकारिक गान मिल गया है। शक्ति सागर प्रोडक्शन की सोनाली सूद और ज़ी स्टूडियोज के उमेश केआर बंसल द्वारा निर्मित और अजय धामा द्वारा सह-निर्मित, फिल्म फतेह, साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई की एक मनोरंजक कहानी है, जो 10 जनवरी, 2025 को रिलीज़ होने वाली है। गीत हिटमैन अब सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और ज़ी म्यूजिक कंपनी के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है।

## बच्चों के साथ शाहरुख खान व अभिषेक बच्चन ने किया डांस, वीडियो वायरल

मुंबई । धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल में शाहरुख खान, करीना कपूर, शाहिद कपूर के बच्चे पढ़ते हैं। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन की बेटी आराध्या भी इसी स्कूल की छात्रा हैं। इस स्कूल के वार्षिक समारोह के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, इनमें से एक वीडियो ने ध्यान खींचा है। वायरल एक वीडियो में शाहरुख खान और अभिषेक बच्चन स्कूली बच्चों के साथ नृत्य करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो में अबराम और आराध्या दोनों स्टेज पर दूसरे बच्चों के साथ डांस करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को एक्स पर शेयर किया गया है। वीडियो में बॉलीवुड सेलिब्रिटीज स्कूली छात्रों के साथ डांस करते नजर आ रहे हैं। अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या की बेटी आराध्या और शाहरुख-गौरी के बेटे अबराम दोनों ने एक साथ परफॉर्म किया। फिर सबके साथ स्टेज पर डांस किया। वीडियो में देखा जा सकता है कि दर्शक शाहरुख की फिल्म ओम शांति ओम का गाना दीवानगी दिवानगी गा रहे हैं। आराध्या और अबराम ने पिछले साल 2023 में भी साथ में परफॉर्म किया था। उनके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए थे। फिर इस साल भी इन दोनों ने साथ में परफॉर्म किया। शाहरुख खान ने दोनों का वीडियो फ़ोन में भी रिकॉर्ड किया। इस बीच, शाहिद कपूर, करीना कपूर खान, सैफ अली खान, करिश्मा कपूर, करण जौहर और पृथ्वीराज सुकुमारन ने धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल में अपने बच्चों के वार्षिक दिवस समारोह में भाग लिया।

## शहनाज गिल ने दिखाई 'इक कुड़ी' के पीछे की झलक, हर पल को बताया जादुई

मुंबई । अपकमिंग पंजाबी फिल्म 'इक कुड़ी' की रिलीज को लेकर उत्सुक 'पंजाब की कैटरीना' शहनाज गिल ने सोशल मीडिया पर फिल्म के पर्दे के पीछे की झलक (बीटीएस) शेयर की। शहनाज गिल 'इक कुड़ी' के साथ एक निर्माता के रूप में शुरुआत करने जा रही हैं। उन्होंने पर्दे के पीछे के रोमांचक पलों को इंस्टाग्राम पर साझा किया, जिसमें वह और फिल्म के अन्य कलाकार नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा, लाइट्स, कैमरा और कभी खत्म न होने वाले वाइब्स! 'इक कुड़ी' के पर्दे के पीछे से, जहां हर फ्रेम एक कहानी है और हर पल जादुई है! फिल्म 13 जून को रिलीज हो रही है। इस सफर के लिए बने रहें! क्लिप को शेयर




कर अभिनेत्री ने उसके बैकग्राउंड में दिलजीत दोसांझ का नया गाना 'डॉन' भी जोड़ा। वीडियो में गिल अपना मेकअप करवाती और रिहर्सल करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर अक्सर एक्टिव रहने वाली अभिनेत्री ने हाल ही में फिल्म का पोस्टर शेयर करके अपने डेब्यू प्रोडक्शन की घोषणा की थी। पोस्टर साझा करते हुए शहनाज ने लिखा था, हमारी फिल्म की घोषणा करते हुए दिल से खुश हूं, अमरजीत सिंह सरन द्वारा लिखित और निर्देशित 'इक कुड़ी' 13 जून 2025 को दुनिया भर में रिलीज होने के लिए तैयार है। हाल ही में गिल ने घोषणा की थी कि वह अपनी नई पंजाबी फिल्म की शूटिंग शुरू करने जा रही हैं। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के मुहूर्त इवेंट की तस्वीरें साझा की थी। एक फोटो में वह क्लैपरबोर्ड के साथ पोज देती, जबकि दूसरी में शूटिंग से पहले प्रार्थना करती नजर आई थीं।

## पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को 81 रनों से हराया




केपटाउन । कप्तान मोहम्मद रिजवान (80), बाबर आजम (73) और कामरान गुलाम (63) रनों की अर्धशतकीय पारियों के बाद शाहीन शाह अफरीदी (चार विकेट) तथा नसीम शाह (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 81 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। पाकिस्तान के 329 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान तेम्बा बवूमा और टोनी डीजॉर्जी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 34 रन जोड़े। छठे ओवर में नसीम शाह ने तेम्बा बवूमा (12) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई।

इसके बाद 12वें ओवर में अबरार अहमद ने डीजॉर्जी (34) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरा झटका दिया। रासी वान दर दुसें (23), एडन मारक्रम (21) और डेविड मिलर (29) रन बनाकर आउट हुई। हाइनरिक क्लासन ने 74 गेंदों में आठ चौकों और चार छक्को की मदद से (94) रनों की पारी खेली। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 43.1 ओवर में 248 रन पर सिमट गई। कामरान गुलाम को उनकी आतिशी बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी ने चार विकेट तथा नसीम शाह ने तीन विकेट लिये। अबरार अहमद को दो विकेट मिले। आगा सलमान ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले कल देर रात खेले गये मुकाबले में पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 330 रनों का लक्ष्य दिया था। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में अब्दुल्लाह शफीक (पांच) का विकेट गवां दिया।

इसके बाद बल्लेबाज करने आये बाबर आजम ने सईम अयूब के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में वेना मफाका ने सईम अयूब (25) को आउट कर पाकिस्तान को दूसरा झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान मोहम्मद रिजवान ने बाबर आजम के साथ तीसरे विकेट के लिये 115 रनों की साझेदारी की। तीसरे विकेट के रूप में बाबर आजम (73) रन बनाकर आउट हुये। आगा सलमान (33), इरफान खान (15) और शाहीन शाह अफरीदी (16) रन बनाकर आउट हुये। मोहम्मद रिजवान ने 82 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए (80) रन बनाये। वही कामरान गुलाम ने 32 गेंदों में चार चौक और पांच छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में (63) रनों की पारी खेली। पाकिस्तान की पूरी टीम निर्धारित 50 ओवरों में 329 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका की ओर से वेना मफाका ने चार विकेट लिये। मार्को यानसन को तीन विकेट मिले। ब्योर्न फोर्टेन और एंडिले फेहुक्वायो ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी चमक



नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार में आज कमजोरी नजर आ रही है। आज सोना 650 रुपये से 710 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। सोने की कीमत में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज भी 77,280 रुपये से लेकर 77,130 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 70,850 रुपये से लेकर 70,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी भी आज 1 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हुआ है। कीमत में आई इस गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत आज 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 70,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,130 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 70,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,130 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,130 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 70,8 50 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,180 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 70,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,130 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 70,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ही बिक रहा है।

## बंगलादेश ने वेस्टइंडीज को 80 रनों से शिकस्त दी




किंग्सटाउन । जाकेर अली (नाबाद 72), परवेज हुसैन इमॉन (39) की शानदार बल्लेबाजी के बाद रिशाद हुसैन (तीन विकेट), तसकीन अहमद और महेद हसन (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 80 रनों से शिकस्त देते हुए तीन मैचों की टी-20 सीरीज में क्लीन स्विप कर दिया। कल देर रात खेले गये मुकाबले में बंगलादेश के 189 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 60 के स्कोर तक लगातार अपने छह विकेट खो दिये।ब्रेंडन किंग (शून्य), जस्टिन ग्रीव्स (छह), निकोलस पूरन(15), रॉस्टन चेज (शून्य) कप्तान रोवमन पॉवेल (दो) और जॉनसन चार्ल्स (23) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद रोमारियो शेफर्ड और गुडाकेश मोती ने कुछ देर पारी को संभाला। 15वें ओवर में रिशाद हुसैन ने गुडाकेश मोती (12) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसी ओवर में उन्होंने अल्जारी जोसेफ (एक) को भी अपना शिकार बना लिया। रोमारियो शेफर्ड ने 27 गेंदों में एक चौका तीन छक्के लगाते हुए (33)रनों की पारी खेली। बंगलादेशी गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज की पूरी टीम को 16.4 ओवर में 109के स्कोर पर ढ़ेर कर 80 रनों से मुकाबला जीत लिया।

बंगलादेश के लिए रिशाद हुसैन ने तीन विकेट, तसकीन अहमद और महेद हसन ने दो-दो विकेट लिये। तनज़ीम हसन साकिब और हसन महमूद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बंगलादेश की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश ने एक समय 65 रन पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। ऐसे समय में जेकर अली ने मेंहदी हसन मिराज के साथ पारी को संभाला। उन्होंने 41 गेंदों तीन चौके और छह छक्के लगाते हुए (72) रन बनाए। मेंहदी हसन मिराज (29) रन बनाए। परवेज हुसैन इमॉन ने 21 गेंदों में (39) रन बनाये। लिटन कुमार दास (14) और तनजीम हसन साकिब (17) रन बनाकर आउट हुये। बंगलादेश ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 189 का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज के लिए रोमारियो शेफर्ड ने दो विकेट लिए। अल्जारी जोसेफ, रॉस्टन चेज ओर गुडाकेश मोती ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

# सड़क बनी कूड़ा घर



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। स्याना ब्लॉक ऊंचागांव क्षेत्र के अमरपुर गांव बाहर सड़क किनारे कचरे से दुर्गंध आ रही है। यहां पर सफाई और कचरा की नियमित उठान नहीं होने के कारण कचरे का ढेर लगा है। जिससे सड़क को कूड़ाघर बना दिया जा रहा है। लेकिन जिम्मेदारो को कोई फर्क नहीं पड़ता है। क्षेत्र के अमरपुर गांव से खानपुर मार्ग और दूसरी तरफ जहांगीराबाद मार्ग पर सड़क के किनारे दोनों तरफ कचरा पड़ा है। जिसकी सफाई नहीं हो रही है। अब यह दुर्गंध छोड़ रहा है। इससे इसके आसपास के आम जनता और राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि हर समय सड़क के दोनों तरफ गंदगी के ढेर लगा रहता है और आवारा पशु उसे बिखेरते रहते हैं। कर्मचारियों की ओर से कई दिनों तक कूड़ा न उठाने के चलते कूड़ा-कचरा सड़क के बीचोंबीच तक आ जाता है। बाद में यह कचरा बदबू करने लगता है। जिससे बीमारियां फैलने की संभावना रहती है। इसके बाद भी कचरा के ढेर को अनदेखा किया जा रहा है। जिससे लोगों को संक्रामक बीमारी होने का खतरा सता रहा है। विभागीय अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

# एक्सपोजर विजिट से मिला बच्चों को अनोखा ज्ञान



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। खुर्जा राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय एक्सपोजर विजिट कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक संसाधन केंद्र खुर्जा द्वारा तायल पोर्सलिन जंक्शन रोड पर आयोजित किया गया। एक्सपोजर विजिट का खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार डबराल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की। एक्सपोजर विजिट में 100 बच्चों ने प्रतिभा करते हुए अन्य अन्य तकनीकियों को जाना। डायल पोर्सलिन के प्रोपराइटर रेनू तायल एवं शाकुल तायल ने बच्चों का स्वागत किया। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार डबराल एवं अध्यापकों ने बच्चों के साथ विजिट भी करते हुए समस्त तकनीक को जाना।
विजिट में समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।।

# मोहित कुमार सक्सेना को बार का सदस्य बनने पर अधिवक्ताओं ने दी बधाई



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। मोहित कुमार सक्सेना को बार का सदस्य बनने पर अधिवक्ताओं ने दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों को एल्डर कमेटी ने दिया प्रमाण पत्र,एल्डर कमेटी के अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा सहित अन्य सदस्यों द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविंद्र शर्मा महासचिव उमेश कौशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय शर्मा कनिष्ठ उपाध्यक्ष सीमा सिंह तमकीन चौहान कोषाध्यक्ष नवीन मित्तल सह सचिव शैलेंद्र पवार अजय कुमार निर्देश कुमारी वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य विजेंद्र दत्त शर्मा आबिद अली राधेश्याम कृष्ण कुमार हितेंद्र कुमार हितेश कुमार कनिष्ठ कार्यकारी सदस्य मोहित कुमार सक्सेना अमन गुप्ता हेमंत शर्मा आकाश शर्मा सोनाली सिंह अभिनव वर्मा को प्रमाण पत्र दिए। पदाधिकारी को अधिवक्ताओं ने मिठाई खिलाकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। पदाधिकारीयों ने सभी अधिवक्ताओं का धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। जिसमें अनेक अधिवक्तागण शामिल रहे।

# अवैध मैरिज होम पर कभी भी चल सकता हैं बाबा का बुल्डोजर



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव सेहतपुर बैरी गांव के शिकारपुर बाईपास मार्ग पर बना है अवैध मैरिज होम पर कभी भी चल सकता हैं बाबा का बुल्डोजर डीएम चन्द्र प्रकाश, के आदेश पर शिकारपुर एसडीएम दीपक पाल, ने भू- माफिया पर की बड़ी कार्रवाई कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पाण्डेय, कस्बा इंचार्ज आदेश कुमार, रहे मौजूद भू-माफिया ने सरकारी जमीन पर खड़ा कर दिया अवैध मैरिज होम जिसकी जमीन की कीमत तीन करोड रुपए बताई जा रही है भू-माफिया ने सरकारी जमीन पर बना दिया मैरिज होम भू-माफिया के मैरिज होम पर कार्रवाई के लिए एसडीएम, ने भू माफिया के खिलाफ धारा 67 की कार्रवाई के दिए हैं निर्देश ।

# डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को एल्डर कमेटी ने दिए प्रमाण पत्र



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, बुलंदशहर में अनेक पदों हेतु वार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, महासचिव उमेश कौशिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय शर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सीमा सिंह व तमकीन अहमद, सह - सचिव शैलेंद्र पवार, निर्देश कुमारी व अजय कुमार ,कोषाध्यक्ष नवीन मित्तल, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य विजेंद्र दत्त शर्मा आबिद अली राधेश्याम कृष्णा कुमार शर्मा हितेंद्र कुमार शर्मा हितेश कुमार कनिष्ठ कार्यकारणी सदस्य मोहित कुमार सक्सेना हेमंत शर्मा आकाश शर्मा सोनाली सिंह अभिनव अग्रवाल बने।
एल्डर कमेटी के चैयरमेन विनोद कुमार शर्मा एवं सदस्य शिवदत्त शर्मा चरण सिंह मूलचंद अग्रवाल महावीर सिंह बोहरे और डी के दीक्षित द्वारा सभी पदाधिकारी को कार्यालय में प्रमाण पत्र दिया। जिन्हें अनेक अधिवक्ताओं द्वारा मिठाई खिलाकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। तथा जीते हुए प्रत्याशियों ने सभी अधिवक्ताओं का धन्यवाद अदा किया। हालांकि डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन में कुछ दिन पहले ही अन्य एल्डर कमेटी द्वारा एक चुनाव कराया गया था। जिसमें अध्यक्ष सुमन कुमार सिंह राघव महासचिव शैलेंद्र कुमार लोधी एवं अन्य द्वारा विजयी होकर पदाधिकारी बने अधिवक्ताओं का शपथ ग्रहण समारोह भी हो चुका है। इसके बाद अब दूसरी एल्डर कमेटी द्वारा कराए गए चुनाव में विजयी हुई प्रत्याशियों को पदाधिकारी बनने के बाद शपथ ग्रहण समारोह शीघ्र कराया जाएगा। अब देखना यह होगा कि डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के कार्यालय में कौन सी एल्डर कमेटी के द्वारा कराए गए चुनाव में विजयी हुए प्रत्याशियों के पदाधिकारी बनने पर कुर्सी पर विराजमान होते हैं। जिसपर सभी अधिवक्ताओं की नजर टिकी हुई है। इस प्रकार अभी तक डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन बुलंदशहर में 02 अध्यक्ष 02 महासचिव 02 कोषाध्यक्ष 06 सहसचिव 24 कार्यकारिणी सदस्य बन चुके हैं। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की कौन सी एल्डर कमेटी के द्वारा किए गए चुनाव में विजयी हुए पदाधिकारी बैठेंगे सोचने का विषय?

# बच्चों का हुआ विद्याज्ञान में चयन,भविष्य होगा उज्जवल






उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शिकारपुर शिव नादर फाऊंडेशन के द्वारा संचालित विद्याज्ञान विद्यालय में प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा में विकास क्षेत्र शिकारपुर के तीन बच्चों ने स्थान पाया है। सफलता प्राप्त करने वाले बच्चों में संविलियन विद्यालय जानीपुर कला की सोनिया, संविलियन विद्यालय खंडवाया की लिपिका तथा प्राथमिक विद्यालय कैलावन नंबर दो की छात्रा आलिया शामिल हैं। परीक्षा फल की सूचना प्राप्त होते ही बच्चों के अभिभावक तथा अध्यापकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। बता दें विद्याज्ञान स्कूल में बच्चों को आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ गुणवत्ता परक शिक्षा निन्शुल्क दी जाती है। खंड शिक्षा अधिकारी अमन गुप्ता ने बताया कि विद्याज्ञान में प्रवेश हेतु मुहिम चलाकर ज्यादा से ज्यादा बच्चों का फॉर्म भराया गया था साथ ही बच्चों के तैयारी हेतु विशेष कार्य योजना तैयार की गई थी। फल स्वरुप विकास क्षेत्र शिकारपुर से तीन बच्चों का चयन हो पाया है। साथ ही अगले वर्ष में बेहतर प्रदर्शन हेतु अभी से ही इस ओर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।
एआरपी शिकारपुर डॉ मनमोहन रोहिला ने चयनित बच्चों को तथा उनके अध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि अन्य विद्यालय भी इसी तरह मेहनत करते हुए अगले वर्ष बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करें। एआरपी प्रियंका रूहेला ने बताया कि इस परीक्षा में तीनों ही बालिकाओं का चयन उनके जीवन को एक नई दिशा देगा। संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र राजौरा, केहर सिंह तथा सुनीता ने सफलता प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया।

# भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सहित सहयोगी की सरेआम हत्या की धमकी का ऑडियो वायरल

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शिकारपुर अहमदगढ़ कस्बा के भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं सहयोगी को सरेआम बीच चौराहे पर गोली मारने की धमकी देने का ऑडियो वायरल होने से हड़कम्प मच गया है मामले में भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है उपाध्यक्ष लोकेश शर्मा उर्फ लवकुश पंडित, ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बुधवार की दोपहर करीब एक बजे उसकी छवि को धूमिल करने के लिए विवेक शर्मा उर्फ गोलू अहमदगढ़ के द्वारा फेसबुक अकाउंट से उसके खिलाफ गलत कमेंट पोस्ट शेयर की थी एवं शाम करीब साढ़े सात बजे उसे फोन आया जो कि आरोप है कि विवेक शर्मा उर्फ गोलू ने गाली गलौज करते हुए बीच चौराहे पर जान से मारने की धमकी दी है जिसकी रिकोर्डिंग भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष के पास मौजूद है युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सहित साथी ने जताया खतरा भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष लवकुश पंडित, ने थाने में तहरीर देकर अपनी व अपने परिवार को जानमाल का खतरा बना हुआ है उन्होंने बताया कि उसके साथ व उसके परिवार के साथ में भविष्य में किसी भी प्रकार की घटना होती है यह लोग उसके मुख्य जिम्मेदार रहेंगे जमीन विवाद मामला जमीनी विवाद का बताया जा रहा है बताया गया है कि अहमदगढ़ कस्बा में ग्राम पंचायत भूमि को मिलीभगत से बेचा जा रहा है जिसकी शिकायत एसडीएम को करने के चलते यह मामला झगड़े में बदल गया है शिकारपुर सीओ शिव ठाकुर, ने बताया कि मामले में जांच पड़ताल कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी अहमदगढ़ थानाध्यक्ष, ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

# एचडीएफसी बैंक के द्वारा सुरजभान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिकारपुर में निशुल्क जांच शिविर लगाया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस










बुलंदशहर। एचडीएफसी बैंक के द्वारा सूरज भान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिकारपुर मे ब्लड डोनेट , एवं निशुल्क नेत्र जांच स्वास्थ्य जांच शिविर का भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने फीता काटकर शुभारंभ किया। जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के बच्चे हमारे देश का भविष्य है और यही आगे चलकर हमारे देश का नाम रोशन करेंगे इन्हीं छात्र-छात्राओं में से कुछ योगी जी मोदी जी जैसे नेता बनेंगे कुछ बच्चे आई ए एस ,पीसीएस बनेंगे और कुछ बच्चे देश के लिए गोल्ड मेडल लाएंगे । उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि मोबाइल आज विद्यार्थियों की आवश्यकता तो है परंतु केवल काम के समय ही मोबाइल का इस्तेमाल करें बाकी समय विद्यार्थी मोबाइल से थोड़ा दूरी बनाकर मानसिक तनाव कम करें फिजिकल गतिविधियों पर ध्यान दें क्योंकि शारीरिक खेलकूद से शरीर स्वस्थ बनता है और एक स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है इस जांच शिविर में इंटर कॉलेज के आचार्य ,कर्मचारी तथा सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य जांच कराकर लाभ उठाया। इस कार्यक्रम के प्रोग्राम संयोजक सीनियर मैनेजर कुलदीप शर्मा एवं स्टाफ मेंबर नितेश शर्मा यशपाल सिंह विजय सिंह मनोज कुमार आदित्य राघव आकाश राघव पूजा तनेजा अंशु कुमार मीडिया प्रभारी युगल गोस्वामी एवं इंटर कॉलेज के अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा मैनेजर अनिल कुमार मित्तल कोषाध्यक्ष सुशील कुमार मित्तल प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह प्रधानाचार्य प्रीति सिंह कैलाश चंद दुबे सहित सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# विधायक ने विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री से की मुलाकात



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शिकारपुर विधायक पूर्व राज्यमंत्री अनिल शर्मा ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उन्हें विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने मुख्यमंत्री से विधानसभा क्षेत्र के अन्य विधानसभाओं से जोड़ने के प्रमुख मार्गों निर्माण को लेकर चर्चा की है। शिकारपुर विधायक पूर्व राज्यमंत्री अनिल कुमार ने गुरुवार की शाम लखनऊ स्थित आवास पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुलाकात पर विधानसभा तथा आसपास के क्षेत्रों की विकास संबंधी समस्याओं उन्हें अवगत कराया। जहां पर उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र शिकारपुर के प्रमुख मार्गो के निर्माण को लेकर निवेदन किया। जिसमें खुर्जा-शिकारपुर मार्ग, अहमदगढ़-पहासू सहित अहमदगढ़ से खेलिया-रिवाड़ा संपर्क मार्गों के चौड़ीकरण सुदृढ़ीकरण कार्य के बारे में अवगत किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विधायक को अवगत कराया की लोक निर्माण विभाग द्वारा इस वित्तीय वर्ष की कार्य योजना में शामिल किया गया है। प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में गठित व्यय वित्त समिति द्वारा भी अनुमोदित कर दिया गया है। जल्द ही शासन आदेश जारी होने के बाद मार्गो पर निर्माण करना शुरू कराया जाएगा, हालांकि शुक्रवार को शासन की तरफ से खुर्जा से शिकारपुर मार्ग का शासन आदेश भी जारी कर दिया गया है।

# पेड़ पर फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर मानपुर के निकट एक खेत में लगें पेड़ पर गांव के ही युवक मोनू पुत्र सुरेन्द्र निवासी बीस वर्षीय ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली उक्त युवक शिकारपुर नगर में एक दुकान पर मैकेनिक का काम करता था मोनू के परिवारजनों का आरोप है कि मोनू कि हत्या कि गई है वहीं परिजनों ने पुलिस से कहां कि हमें हत्या कि आशंका है मोनू कभी भी आत्महत्या नहीं कर सकता शुक्रवार की सुबह रामपुर मानपुर के निकट एक खेत में एक पेड़ पर मोनू के गले में मफलर से फांसी पर लटका मिला शव जांच पड़ताल के दौरान उसकी पहचान मोनू पुत्र सुरेन्द्र निवासी बीस वर्षीय गांव रामपुर मानपुर के रूप में हुई पुलिस ने लाश को पेड़ से नीचे उतरवाकर पीएम क लिए भेजा शिकारपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पाण्डेय, ने बताया कि रामपुर मानपुर में मोनू पुत्र सुरेन्द्र ने एक पेड़ पर फांसी लगा ली थी परिजन आरोप लगा रहे है कि मोनू कि हत्या कि गई है पुलिस के द्वारा सभी बिंदुओं पर जांच कि जा रही है जांच में जो भी निकल कर सामने आयेगा उसके आधार पर कार्यवाही की जायेगी मोनू के परिवारजनों द्वारा तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी ।

# नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य में मिलावटी तथा घटिया सामग्री लगाने का है आरोप



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। डिबाई विगत वर्षों में आदर्श नगर पालिका की श्रेणी में शुमार डिबाई नगर पालिका परिषद एक बार फिर चर्चाओं में है। लेकिन इस बार डिबाई नगर पालिका परिषद के आदर्श होने की नहीं बल्कि विवादों में घिरे होने की चर्चाएं दो चार हैं। अरुण कुमार सिंघल के पालिका अध्यक्ष बनने के बाद से ही नगर पालिका परिषद में विवादों का दौर जारी है। जिनमें प्रमुख विवाद का विषय रहा वार्ड नंबर 14 के मौहल्ला चौक दुर्गा प्रसाद में दयाल भवन स्कूल के सामने बनी सड़क। जिसे टेंडर होने से लगभग 2 माह पूर्व ही मानकों की धज्जियां उड़ाते हुए रातों रात नगर पालिका के ठेकेदार द्वारा बना दिया गया। जबकि ज्ञात हो कि इस कार्य का नपा द्वारा न कोई टेंडर निकाला गया और न ही आवश्यक प्रक्रिया ही पूर्ण की गईं। इसके बाद जब मामला अखबारों की सुर्खी बना तो नगर पालिका के आधा दर्जन कर्मचारी इसे न सिर्फ मैनेज करने में लग गए बल्कि निर्माण कार्य के बाद निकाले गए उक्त कार्य के टेंडर को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया। इतना ही नहीं सूत्रों की माने तो मामला चर्चा-ए- आम हुआ तो ईमानदार एवं सख्त तेवरों से अलंकृत तत्कालीन अधिशासी अधिकारी रेनू यादव के हस्तक्षेप के उपरांत इसी तरह के लगभग 50 लाख रुपए के टेंडरों को निरस्त कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार निरस्त किए गए टेंडरों में अधिकांश कार्य नपा सीमा क्षेत्र से बाहर और कुछ लोगों को निजी लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्रोसेस में लाए गए थे। ऐसा ही एक मामला डिबाई धर्मपुर मार्ग पर निर्माणाधीन गली तथा नाली का प्रकाश में आया है। जिसके साथ साथ उक्त गली के दूसरे छोर पर स्थित एक गेट बंद निजी कृषि भूमि पर निर्माणाधीन मकान के सामने एक रोड बनाया जा रहा है। जब इस संबंध में उक्त निर्माण करा रहे ठेकेदार दिनेश कुमार जानकारी की गई तो दिनेश ने बताया कि ये निर्माण एक निजी भूमि पर हो रहा है। जिसे नगर पालिका परिषद द्वारा किए गए टेंडर के अंतर्गत कराया जा रहा है। पूछे गए सवाल पर स्वयं को ठेकेदार बताते हुए दिनेश ने बताया कि अभी इस स्थान पर एक ही मकान निर्माणाधीन है जिसके लिए इस रास्ते के नीचे पानी की लाइन भी डाली दी गई है और इस सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इस संबंध में जब और जानकारी जुटाई गई तो ज्ञात हुआ कि इस सड़क निर्माण में न सिर्फ मसाले का प्रयोग मानकों के आधार पर नहीं हो रहा है। बल्कि इसमें प्रयोग होने वाली ईंट भी घटिया स्तर की लगाई जा रही है।अब नगर पालिका प्रशासन से प्रश्न ये बनता है कि एक कृषि भूमि में निर्माणाधीन मकान के लिए इतनी मशक्कत आखिर किस दवाब में की जा रही है। जबकि नगर पालिका परिषद को न तो एसीबी बैंक तथा व्यापार कर कार्यालय के निकट स्थित महीनों पुराने उस गड्ढे को भरने में कोई दिलचस्पी रखती है और न ही एनएच 509 के उन गड्ढों को भरने में जिसकी बजह से एक महिला को अपनी जान गंवानी गई तथा जो अब भी रात्रि अथवा अंधेरे में किसी और भी बड़ी दुर्घटना का सबब बन सकते है। सुगबुगाहट के अनुसार नगर पालिका उन स्थानों को फोकस कर रही है जहां योगी सरकार द्वारा प्रदत्त धनराशि को खपाया कर अपने चहेतों को अधिक से अधिक लाभ अर्जित कराया जा सके। और इस काम को नपा अध्यक्ष अरुण कुमार सिंघल से बेहतर कौन समझ सकता है क्योंकि विदित है कि अरुण कुमार इस पद पर आसीन होने से पूर्व नगर पालिका परिषद में रजिस्टर्ड बड़े ठेकेदारों में शुमार रहे हैं। तो ठेकदारी का ऐसा कौन सा हथकंडा है जिससे अरुण कुमार सिंघल वाकिफ नहीं हों। लेकिन सूत्रों की माने तो महीनों से अधिशासी अधिकारी के पद खाली होने पर जिस तरह की मनमानियां अब तक चलीं आ रहीं है अब उन पर संभवत: विराम लगने का समय आ गया है। क्योंकि नगर पालिका परिषद द्वारा किए जा रहे घाल मेल तथा उक्त प्रकार की गतिविधियों के विषय में स्थानीय विधायक सीपी सिंह लोधी को जानकारी दे दी गई है। जिस पर अब देखना है कि पूर्व में बसपा सरकार और फिर सपा सरकार में विधायक गुड्डू पंडित के करीबी रहे अरुण सिंघल अपनी इसी कार्यशैली से आगे बढ़ते हैं या भाजपा विधायक सीपी सिंह लोधी नगर पालिका परिषद डिबाई में फैल रहे इस भ्रष्टाचार पर लगाम लगा पाते हैं।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड की सलामी ली गई तथा पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर श्री श्लोक कुमार द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई एवं परेड का निरीक्षण कर कर्मचारियों का टर्न आउट चैक किया गया तथा थाना पुलिस का दंगा नियंत्रण यंत्रों के साथ तैयार होने का रेस्पास टाइम चैक किया गया एवं शस्त्रों को खोलना, अग्निशामक यंत्र प्रयोग करना, येलो टेप से घटनास्थल को संरक्षित करने आदि कवायत करायी गयी। परेड में सम्मिलित थानों की गाड़ियों एवं पीआरवी/डायल-112 की गाड़ियों का निरीक्षण कर नाइट चैकिंग रजिस्टर चेक किया गया तथा पीआरवी गाड़ी पर मेडिकल किट, घटनास्थल को सुरक्षित करने हेतु येलो टेप, रेस्पांस टाइम को कम करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। तत्पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस लाइन स्थित विभिन्न शाखाओं व जीम व कैंटीन का निरीक्षण किया गया तथा आदेश कक्ष में संबंधित को दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही प्रतिसार निरीक्षक को पुलिस लाइन परिसर में हमेशा स्वच्छता रखने, सरकारी संपत्ति की देखभाल करने व अभिलेखों को अध्यावधिक कर संभालकर रखने सहित सरकारी वाहनों की समय-समय पर मेंटेनेंस/चैकिंग करने आदि आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना एक नि:शुल्क योजना, किसी के बहकावें में ना आएं- पीओ डूडा



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गाजियाबाद। जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार पीओ डूडा, कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), गाजियाबाद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमन्त्री आवास (शहरी), एक नि:शुल्क योजना है जिसने लाभार्थी से किसी भी प्रकार का कोई भी शुल्क जमा नहीं कराया जाता है। पीओ डूडा ने बताया कि आम जनता से अपील की जाती है कि डूडा कार्यालय के बाहर इस प्रकार के किसी भी अनाधिकृत व्यक्तियों के बहकावे में आने से बचे और यदि कोई व्यक्ति डूडा कार्यालय द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी एवं ए0एच0पी0 तथा अन्य किसी भी आवासीय योजना में आवेदन कराने/लाभ दिलाने के नाम पर पैसे आदि की मांग करता है, तो इस सम्बन्ध में तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करते हुए डूडा कार्यालय नगर निगम बेसमेन्ट नवयुग मार्किट गाजियाबाद में अथवा सम्बन्धित निकाय के कार्यालय में लिखित रूप से साक्ष्यों सहित अवगत कराये, जिससे कि असामाजिक तत्वों के विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जा सके। अत: सभी से अनुरोध है कि जागरूक, सतर्क और सावधान रहे, गलत कार्य करने वालों की शिकायत करें।

# थाना हापुड़ नगर पुलिस टीम ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के सात सदस्यों को किया गिरफ्तार

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



हापुड़। पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वाहन चोरों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 07 शातिर वाहन चोरों को चितौली रोड़ से गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे/निशानदेही पर एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न जनपदों से चोरी की गई 12 मोटर साइकिल, 05 स्कूटी एवं 18 दोपहिया वाहनों के पार्ट्स बरामद हुए हैं। उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 841/2024 धारा 317(2), 317(5), 345(3) बीएनएस पंजीकृत कर इनके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पप्पू पुत्र खलील निवासी ग्राम इमलिया थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।, नसीर पुत्र शाकिर अब्बासी निवासी ग्राम इमलिया थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर हाल पता मर्दाना वाली गली फैसलाबाद चौकी नरसल घाट थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।, जिशान पुत्र फरमान निवासी मो0 कोठरा शाहनगर थाना अगौता जनपद बुलन्दशहर।,शकील अहमद पुत्र मसीतुल्ला निवासी काली नदी पुल के पास धमेड़ा मोड थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर। . अमित कुमार पुत्र दयाचन्द निवासी चांदपुर पूडी मन्दिर वाला मोहल्ला थाना स्याना जनपद बुलन्दशहर।, अनस खान पुत्र महमूद अली निवासी ग्राम शाहनगर चांद मस्जिद के सामने थाना अगौता जनपद बुलन्दशहर।,बन्टी पुत्र रोहताश निवासी ग्राम नयाबांस मालिक की मडैय्या थाना स्याना जनपद बुलन्दशहर।

प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक सिंह ने बताया कि इनके अपराध करन का तरीका गिरफ्तार अभियुक्तगण एनसीआर क्षेत्र व आसपास के जनपदों से भीडभाड वाली जगहों जैसे तहसील, न्यायालय, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा आदि से दो पहिया वाहन चोरी कर वाहनों को काटकर उनके पार्ट्स को अलग-अलग करके बेचते हैं। और आर्थिक लाभ कमाते थे।

बहुत ही शातिर किस्म के चोर है और बताया कि इनके खिलाफ जनपद बुलंदशहर, गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, दिल्ली व हरियाणा में मुकदमे पंजीकृत है

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में नमों ड्रोन की बैठक का आयोजन किया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत हिमांशु गौतम मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में नमों ड्रोन दीदी योजना को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला विकास अधिकारी / उपायुक्त (स्वत:रोजगार) देवेन्द्र प्रताप, जिला उद्यान अधिकारी श्री डा0 हरित कुमार, जिला कृषि अधिकारी / जिला कृषि रक्षा अधिकारी मनोज कुमार, जिला प्रबन्धक इफको श्री हरीश तेवतिया, जिला अग्रणी प्रबन्धक श्री राजीव कुमार गुप्ता, डी0डी0एम0 योगेन्द्र कुमार, जिला मिशन प्रबन्धक तकसीर अहमद आदि आफिसर उपस्थित रहें। भारत सरकार की योजना नमो ड्रोन दीदी योजना के क्रियान्वयन को लेकर समिति की बैठक हुई बैठक में नमो ड्रोन हेतु क्लस्टर का चयन एवं क्लस्टर के द्वारा नमो ड्रोन दीदी एवं नमो सहायक दीदी का चयन किया जाना है जिनके द्वारा ड्रोन संचालन का कार्य किया जायेगा। नमो ड्रोन समूह की महिलाओं को 80 फीसदी अनुदान पर प्राप्त होगा। नमो ड्रोन प्राप्त होने के बाद महिलाएं फसलों पर दीवाईयों का छिडकाव आदि का कार्य करेंगी जिससे महिलाओं की आमदनी प्राप्त होगी एंव उनको एक रोजगार उपलब्ध होगा।

# मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा विद्युत सखियों को प्रिन्टर मशीन का वितरण किया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत हिंमाशु गौतम मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में समस्त विकास खण्डो से आयी विद्युत सखी की बैठक की गई। जिसमें विद्युत सखियो के द्वारा बिजली के बिल जमा करने हेतु जानकारी उपलब्ध करायी गयी एंव मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा समस्त विद्युत सखियों को निशुल्क प्रिन्टर मशीन का वितरण किया गया जिससे महिलायें बिल जमा करके ग्राहक को बिल पर्ची उपलब्ध करा सकें। विद्युत सखी दीदीयों मुख्य विकास अधिकारी से प्रिन्टर मशीन पाकर बहुत खुश हुई। जिला विकास अधिकारी / उपायुक्त (स्वत: रोजगार) श्री देवेन्द्र प्रताप के द्वारा अवगत कराया गया कि एक बिल 2000 तक का जमा करने पर 20 रू0 प्रति बिल कमीशन प्राप्त होता है। 2000 से ऊपर के बिल पर 1 प्रतिशत अधिक कमीशन प्राप्त होता है। जिला मिशन प्रबन्धक श्री तकसीर अहमद के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हापुड़ के समस्त विकास खण्डो से 188 विद्युत सखियों का चयन किया गया है। जिनके द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में विद्युत सखियों के द्वारा बिल जमा करने का कार्य किया जायेगा। जिससे विद्युत सखियाँ कमीशन पाकर लखपति दीदी बन सके एवं सरकार का सपना पूरा कर सकें।

# पत्रकारों पर कोई भी झूठा मुकदमा नहीं होगा- एसपी ज्ञानंजय सिंह

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




हापुड़। आपको बता दें कि कुछ समय पूर्व जनपद हापुड़ में बिजली विभाग में पटना बिजली घर पर तैनात एसडीओ देवेंद्र यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार एवं गलत कार्य प्रणाली के चलते कई गंभीर आरोप प्रकाश में आए जिनको विभिन्न समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा डिजिटल मीडिया के माध्यम से प्रकाशित किया गया उपरोक्त बर्खास्त एसडीओ देवेंद्र यादव के खिलाफ लगे आरोपों के उच्च स्तरीय विभागीय जांच सुनिश्चित हुई इसके बाद उनको सस्पेंड कर दिया गया बिजली विभाग में गलत कार्य प्रणाली उजागर किए जाने के चलते एसडीओ देवेंद्र यादव मेरठ के कई पत्रकारों पर फर्जी मुकदमे करवाने में सफल हो गया विभाग द्वारा सस्पेंड किए जाने के पश्चात बर्खास्त एसडीओ देवेंद्र यादव अपनी बर्खास्तगी के कारण तिलमिला गए एवं अपने विभागीय आल्हा अधिकारियों और कुछ पत्रकारों को बदले की भावना से पार्टी बनाना शुरू कर दिया उपरोक्त बर्खास्त एसडीओ देवेंद्र यादव ने कुछ पत्रकारों पर मानहानि के झूठ नोटिस भिजवा दिए ।बदले की भावना से आहत बर्खास्त एसडीओ देवेंद्र यादव की कारगुजारी यहां पर ही नहीं रुकी तिलमिलाये बर्खास्त एसडीओ पत्रकारों के खिलाफ फर्जी शिकायत पत्र कई चौकी थानों में देता घूम रहा है इसके विरोध में आज आईरा पत्रकार संगठन का प्रतिनिधिमंडल जनपद के कप्तान कुमार ज्ञानंजय सिंह से मिला। कप्तान से मिलकर आईरा पत्रकार संगठन ने उनको ज्ञापन के माध्यम से उपरोक्त घटनाक्रम से अवगत कराते हुए बर्खास्त एसडीओ देवेंद्र यादव के खिलाफ उचित एवं संवैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है बातचीत के दौरान कप्तान ज्ञानंजय सिंह ने पत्रकारों को आश्वस्त करते हुए कहा की उपरोक्त घटनाक्रम को संज्ञान में लेते हुए किसी भी पत्रकार पर कोई भी फर्जी मुकदमा उपरोक्त बर्खास्त एसडीओ देवेंद्र यादव के शिकायत पत्र पर पंजीकृत नहीं कराया जाएगा साथ ही मौके पर मौजूद क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार शर्मा को संबंधित घटनाक्रम की जांच करने के लिए आदेश दिए।

# वेतन ना मिलने पर शिक्षकों में रोष दिया धरना



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । परिषदीय शिक्षकों का माह नवम्बर का वेतन का भुगतान 20 दिसंबर तक नही होने पर जिलाधिकारी के नाम के माध्यम से अवगत कराया गया कि वर्तमान कार्यरत लेखा- अधिकारी न तो कार्यलय आते हैं और फोन पर भी कोई संतोष जनक जबाब नहीं देते है। जबकि जिलाधिकारी हापुड़ के निर्देश पर शंकर दत्त पाडे को वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा कार्यलय में तीन दिवस के लिए सम्बूद्ध किया गया है एवं शासन के पत्र द्वारा लेखाकार ही उमेश चन्द्र को भी एफएओ बेसिक शिक्षा कार्यलय में अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। परन्तु स्थिति यह है कि उपरोक्त दोनों कार्मिक एवं लेखाधिकारी कार्यलय में आते ही नही है, जिनकी लापरवाही का खामियाजा जनपद के 2500 शिक्षकों को भुगतना पड़ रहा है। शासन के आदेशानुसार माह की प्रथम तिथि को वेतन भुगतान की व्यवस्था है परन्तु 20 दिन पश्चात भी वेतन न मिलने से शिक्षकों में रोष है। यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो शिक्षकों द्वारा धरना प्रर्दशन ही अंतिम विकल्प होगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय के कार्मिकों की होगी। जिसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश ,मंडल आयुक्त मेरठ मंडल,मुख्य विकास अधिकारी,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी , संजय शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष गढ़मुक्तेश्वर, संदीप सिरोही ब्लॉक अध्यक्ष सिंभावली आदि लोग मौजूद रहे।

# हिंदुत्व से आर्यत्व की ओर विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




गाजियाबाद । केंद्रीय आर्य युवक परिषद के तत्त्वावधान में हिंदुत्व से आर्यत्व की ओर विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 684 वाँ वेबिनार था। वैदिक प्रवक्ता अतुल सहगल ने कहा है कि वर्तमान के समय में हिन्दू और हिंदुत्व विषय बहुत चर्चा में रहते हैं।उन्होंने हिन्दू और हिंदुत्व की परिभाषा प्रस्तुत की और हिन्दू शब्द का मूल सामने रखा।हिन्दू शब्द तो फ़ारसी भाषा से आया है और इसका उस भाषा में बड़ा अपमानजनक अर्थ है -अनपढ़,उजड्ड,संस्कृति विहीन या असभ्य।क्या ऐसे शब्द का उपयोग करना किसी भी अवस्था में उचित ठहरता है? स्वामी दयानन्द ने अपने लेखों व भाषणों में कभी हिन्दू शब्द का प्रयोग नहीं किया।वे सदा आर्य शब्द का ही प्रयोग करते थे और आर्य का अर्थ है-सुसंस्कृत, शिक्षित,धार्मिक।भारत देश को उन्होंने आर्यावर्त्त कहकर सम्बोधित किया।हिंदुत्व से आर्यत्व की यात्रा आरम्भ हो चुकी है और इस यात्रा को प्रारम्भ करने वाले और कोई नहीं ऋषि दयानन्द ही थे।हम लोगों को अपनी बुद्धि का विकास करना होगा।प्रज्ञा बुद्धि को प्राप्त होकर हम सत्य और तथ्यों को सहजता से ग्रहण कर पाएंगे।धर्माचरण और योगाभ्यास के द्वारा हम अपनी सर्वांगीण उन्नति करें। व्यक्तिगत उन्नति का अर्थ है सामाजिक और राष्ट्रीय उन्नति। सब प्रकार का ज्ञान होते हुए भी हम लोग सत्य से भटक गए थे।अब हम जिस यात्रा में हैं,उसमें हमें अपनी गति बढ़ानी होगी।हमारे राष्ट्र के पिछड़ने और पतन का कारण भी वेदमार्ग से भटकना था।स्वामी दयानन्द के मार्गदर्शक उदघोष के अनुसार हमें वेदों को अपने जीवन का आधार बना लेना चाहिए और फिर सत्य के ग्रहण करने व असत्य के छोड़ने में उद्यत हो जाना चाहिए।बुद्धि का विकास करके हम अपना विवेक बढ़ाएं और स्वयं को उन्नत करते हुए समाज और राष्ट्र के उत्थान का कारक बनें।आज हमारा राष्ट्र हमसे यही अपेक्षा रखता है।हम पुरुषार्थ से अपनी इस हिंदुत्व से आर्यत्व की यात्रा को गति देते हुए अपने गन्तव्य पर पंहुचें।आर्यावर्त्त को परम वैभव तक ले के जाएँ और स्वयं समुत्कर्ष और निश्रेय्स दोनों को प्राप्त हों। मुख्य अतिथि आर्य नेता कृष्ण कुमार यादव ने भी जीवन निर्माण के सूत्र बताये।परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया।प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने धन्यावाद ज्ञापन किया। गायिका कौशल्या अरोड़ा, जनक अरोड़ा, संतोष धर, सुधीर बंसल, उषा सूद, शोभा बत्रा, कृष्णा पाहुजा आदि के मधुर भजन हुए।

# उप जिलाधिकारी साक्षी शर्मा की देर रात अवैध खान माफिया के खिलाफ बड़ी कार्यवाही



उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार

हापुड़ । उप जिलाधिकारी साक्षी शर्मा की देर रात अवैध खान माफिया के खिलाफ बड़ी कार्यवाही मिट्टी से भरे आठ डंपर थाने में खड़े किए कार्यवाही जारी अवैध खनन करने वालों माफियों पर खदर और खाकी का संरक्षण गढ़मुक्तेश्वर थाना सिंभावली क्षेत्र के nh9 के किनारे बन रहे होटलों व बड़े-बड़े प्लाटों का भराव कर मिट्टी का अवैध खनन माफिया राज्य सरकार के राजस्व को लाखों रुपए का चूना लगा रहे थे मिट्टी का अवैध खनन करने वाले माफिया कुछ सरकारी तंत्र के अधिकारियों से मिलकर निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस की आड़ में सालों से मिट्टी का अवैध खनन कर रहे हैं जो सत्ता पार्टी से जुड़े हुए लोग हैं प्रशासनिक अधिकारियों पर दवाब बनाकर प्रशासनिक लोगों को गांधी जी के हरे-हरे नोटों का लालच देकर खुलेआम मिट्टी का अवैध खनन कर रहे थे मिट्टी का अवैध खनन करने वाले माफिया ने सड़कों तक को क्षतिग्रस्त कर दिया जहां से ग्रामीणों का निकलना भी दुश्वार हो रहा है मिट्टी का अवैध खनन करने वाले माफिया पर उप जिलाधिकारी साक्षी शर्मा ने देर रात्रि प्रशासन का डंडा चलाते हुए मिट्टी से भर 8 डंपरों को पड़कर थाना सिंभावली में बंद किया इस संबंध में उप जिलाधिकारी साक्षी शर्मा का कहना है तहसील क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा जिलाधिकारी महोदय व शासन से परमिशन लेकर खनन किया जा सकता है

# दुर्घटनाओं के दृष्टिगत अवैध पार्किंग के विरूद्ध एआरटीओ द्वारा विगत एक सप्ताह से विशेष चेकिंग अभियान चलाया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत कोहरे में होने वाली सम्भावित दुर्घटनाओं के दृष्टिगत अवैध पार्किंग के विरूद्ध एआरटीओ द्वारा विगत एक सप्ताह से विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसकें अर्न्तगत विगत एक सप्ताह में 123 वाहनों का चालान किया गया। यह अभियान लगातार जारी रहेगा जो भी वाहनें नियम विरुद्ध पाकिंग पर पायी जायेगी। उनके विरूद्ध नियमानुसार प्रवर्तन कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान एआरटीओ रमेश चौबे, पीटीओ आशुतोष उपाध्याय आदि ने कार्रवाई की।

# बागड़पुर फ्लाईओवर पर अज्ञात वाहन ने आगे चल रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस
अमित कुमार



हापुड़। जनपद हापुड़ के थाना बाबूगढ़ कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर स्थित गांव बागड़पुर फ्लाईओवर पर अज्ञात वाहन ने आगे चल रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। सड़क हादसे के दौरान बाइक सवार गिरकर घायल हो गया।

वहीं पीछे से आए दूसरे अंदर वाहन ने उसे कुचल दिया जिसकी वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जिसने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान 37 वर्षीय मौजम अली निवासी गांव जीवाई थाना डिडोई अमरोहा के रूप में हुई है। बाबूगढ़ के थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि मामला गुरुवार की रात का है। जब मौजम अली अपनी बाइक पर सवार होकर दिल्ली से गढ़मुक्तेश्वर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव बागड़पुर फ्लाईओवर के पास पहुंचा तो पीछे से आए अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इस कारण मौजम सड़क पर गिरकर घायल हो गया।

पीछे से आए अन्य वाहन ने उसे कुचल दिया जिसकी वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलि को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मृतक परिजनों को मामले से अवगत कराया।

# बृजघाट गंगा किनारे सिंचाई विभाग द्वारा की गई नाप



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । शासन निर्देशन पर गढ़मुक्तेश्वर के तीर्थ नगरी ब्रजघाट में गंगा किनारे पर करीब ढाई करोड रुपए की लागत से लगाई गई फलोटिंग जेटी बैरीकेडिंग एवं नाव स्टैंड की समस्या के निदान हेतु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता प्रदीप सोनकर ने नपाई-तुलाई की गई इस दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गढ़मुक्तेश्वर एवं सभासद, एडवोकेट प्रदीप निषाद एवं केवट समाज के लोग मौजूद रहे।

# देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाने वाला गिरफ्तार

गाजियाबाद । विजयनगर सेक्टर-नौ क्षेत्र में देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक युवती ने केस दर्ज कराया था, जिसमें उसने डीजे की तेज आवाज से मां को माइग्रेन होने का आरोप लगाया था। पुलिस का कहना है कि आरोपी का डीजे भी जब्त कर लिया गया है। विजयनगर सेक्टर-नौ में रहने वाली प्रतिभा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि विजयनगर सेक्टर-नौ और मवई गांव के आसपास बजने वाले मोबाइल डीजे, शादी और अन्य आयोजनों में बजने वाले डीजे लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। रिहायशी इलाके में निर्धारित आवाज में डीजे आदि बजना चाहिए, लेकिन डीजे संचालक एंप्लीफायर और वाइब्रेटर आदि के साथ तेज आवाज में डीजे बजाते हैं। तेज औवाज और कंपन्न से कई घरों की खिड़कियों के शीशों में दरार आ गई है। प्रतिभा के मुताबिक मंगलवार को तेज आवाज में डीजे बजने से घर दहलने लगा, जिससे उनकी मां को माइग्रेन हो गया वह नींद में ही रोने लगीं। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया था। विजयनगर पुलिस ने गुरुवार रात विजयनगर सेक्टर-नौ इलाके में कांबिंग की। इस दौरान रात दस बजे के बाद भी एक डीजे तेज आवाज में बजता मिला। एसीपी का कहना है कि आरोपी डीजे संचालक प्रदीप उपाध्याय निवासी विजयनगर सेक्टर-नौ को गिरफ्तार कर उसका डीजे जब्त कर लिया गया है।

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले दो गिरफ्तार



गाजियाबाद । गाजियाबाद पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए ठगने वाले दो फर्जी दलालों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 22 से ज्यादा पासपोर्ट बरामद हुए हैं। दोनों आरोपी दो साल से विदेश में नौकरी दिलाने का फर्जीवाड़ा कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक कौशांबी थाना में पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उससे विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर तीन लाख रुपए ठगे गए हैं। यहां तक कि पीड़ित को फर्जी टिकट और वीजा भी थमा दिया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने जांच के दौरान दो युवकों से पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम मनीष और शाहरुख खान बताया। एक अयोध्या का रहने वाला है और दूसरा वैशाली का। पुलिस ने जब इनसे पूछताछ की तो पता चला कि दोनों विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करते हैं। पुलिस ने उनके ऑफिस में तलाशी ली तो वहां से 22 से ज्यादा पासपोर्ट, लैपटॉप, मोबाइल फोन और अन्य कागजात बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दोनों 2022 से धोखाधड़ी कर रहे हैं। दोनों दुबई, कुवैत, मालदीव, अज़रबैजान में नौकरी दिलाने का काम करते हैं। इन लोगों ने अब तक 50 से ज्यादा लोगों को शिकार बनाया है। यह लोग वेबसाइट और अखबारों के जरिए विज्ञापन दिया करते थे। पूछताछ में आरोपियों ने यह भी बताया कि दोनों साउथ अफ्रीका में नौकरी कर चुके हैं। वहीं से इन लोगों ने लोगों को नौकरी दिलाने का काम सीखा था। दोनों ऐसे लोगों को शिकार बनाया करते थे, जिन लोगों को विदेश में नौकरी करनी होती थी। अब तक इन्होंने लाखों रुपए की धोखाधड़ी का जुर्म कबूल किया है। पुलिस ने बताया है कि शातिर पहले लोगों को विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देते थे। फिर, वीजा समेत अन्य कागजात में तकनीकी खामियां बताकर रकम लेते थे और धोखाधड़ी को अंजाम देते थे। पुलिस इन लोगों से पूछताछ करके अन्य जानकारियां जुटाने में लगी है।

# जनपद हापुड़ के बाबूगढ़ कोतवाली क्षेत्र के कुचेसर रोड चौपला के पास ट्रैक्टर और ट्रक की भिड़ंत




उजाला हितैषी एक्सप्रेस
अमित कुमार

हापुड़। जनपद हापुड़ के बाबूगढ़ कोतवाली क्षेत्र के कुचेसर रोड चौपला के पास ट्रैक्टर और ट्रक की भिड़ंत हो गई। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई। हालांकि यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को हटाया जिसके बाद यातायात सुचारू हुआ। मामला गुरुवार का है जब लकड़ी से लदी एक ट्रैक्टर ट्राली ने आगे चले ट्रक में टक्कर मार दी। इस दौरान दोनों वाहन मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। पीछे चल रहे हैं वाहनों की कतार लग गई। यातायात प्रभावित हो गया। सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और वाहनों में सवार चालकों का हाल जाना। राहत की बात यह रही कि किसी को चोट नहीं आई जिसके बाद पुलिस ने वाहनों को हटवाया और मामले की जांच शुरू कर दी।

# किसान गोष्ठी कर स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह को किया गया याद



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर ।23 दिसंबर को किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती को लेकर राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता अलग-अलग स्थान पर कर रहे गोष्ठी का आयोजन जिसके चलते पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं ब्लाक प्रमुख हाजी यूनुस के आवास पर जिला अध्यक्ष पंकज प्रधान के नेतृत्व में युवा जिला अध्यक्ष माजिद गाजी के संचालन में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार चौधरी जयंत सिंह के आदेशानुसार पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्म दिन 23 दिसंबर के उपलक्ष्य में आज ब्लॉक प्रमुख हाजी यूनुस के आवास पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें पार्टी के युवा नेताओं ने चौधरी साहब के जीवन और उनके द्वारा किसानों के हित में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला

# 22 दिसंबर 2024 सम्मेलन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर ।वैश्य समाज सेवा समिति संस्थान (रजि0) बुलंदशहर की एक कार्यकारिणी सभा समिति के मुख्य संयोजक के0के0 सिंघल के निवास पर हुई जिसमें 22 दिसंबर 2024 सम्मेलन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया सम्मेलन 22 दिसंबर 2024 दिन रविवार को स्नेह गार्डन डीएम रोड पर होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल ने बताया की लगभग 1000 युवक युवती के रजिस्ट्रेशन हो गए हैं उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रत्याशी को एक आई कार्ड दिया जाएगा तथा वह अपने साथ दो अभिभावक को ला सकता है समिति के महामंत्री विजय अग्रवाल ने बताया जो युवती मंच पर आकर अपना परिचय देगी उसको एक आकर्षक उपहार समिति की ओर से मंच पर दिया जाएगा समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल गोयल ने बताया कि यह समिति का बरवा सम्मेलन है इस सम्मेलन में पूरे प्रदेश व जनपद के सभी कस्बों से अग्रवाल समाज के सभी परिचयकर्ता व समाज के प्रतिष्ठित लोगों को आमंत्रित किया गया है। व इस बार का परिचय सम्मेलन एक यादगार सम्मेलन होगा इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए समिति के प्रत्येक सदस्य ने भरपूर प्रयास किया है इस सभा में नरेंद्र गर्ग सुनील सिंघल संजय अग्रवाल मनोज गोयल ललित सिंगल अजय गर्ग देवेंद्र कुमार सिंघल अरुण तायल आदि सदस्य उपस्थित रहे

# महिला उन्नति संस्था के सदस्यों ने ठिठुरती ठंड से बचने के लिए कम्बल वितरण किए



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

नोएडा ।पहाड़ो पर हो रही बर्फबारी के कारण मैदानी इलाक़ों मे ठिठुर बढने लगी है जिससे झुग्गी झोपड़ियों मे रहने वाले गरीब असहाय मजदूर वर्ग के लोग ठंड से बेहाल है। महिला उन्नति संस्था सदस्यों ने ऐसे असहाय मजदूर वर्ग के लोगों की पहचान कर उन्हें ठंड से राहत पहुंचाने के लिए आज ग्रेटर नोएडा वेस्ट अन्तर्गत झुग्गी बस्ती मे जाकर कम्बल वितरित किये। संस्थापक डा.राहुल वर्मा ने कहा कि पहाड़ो पर भारी बर्फबारी हो रही है जिसके चलते मैदानी इलाको मे ठिठुरन बढ गयी है जिससे गरीब मजदूर वर्ग बेहाल है इसलिए ऐसे जरूरतमंद लोगों को संगठन द्वारा कम्बल बांटकर ठंड से राहत देने का प्रयास किया जा रहा है। संगठन सचिव गीता भाटी ने बताया कि संगठन के सदस्य हर वर्ष की भांति अलग अलग क्षेत्रों मे जाकर ठंड से बेहाल जरूरतमंद लोगों की पहचान कर उन्हे कम्बल बांटने का कार्य कर रहे है ताकि लोगों को ठंड से राहत दिलाई जा सके साथ ही संगठन ने प्रशासन से जगह जगह रैन बसेरे और अलाव की व्यवस्था किये जाने की अपील की है ताकि ठंड से किसी को जनहानि ना हो। इस अवसर पर महासचिव अनिल भाटी और सुरेश तिवारी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# तहसील सभागार में कोटेदारों के साथ एसडीएम ने की बैठक



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर ।शिकारपुर तहसील सभागार में एसडीएम दीपक कुमार पाल ने किसान रजिस्ट्री योजना के अंतर्गत तहसील क्षेत्र के सभी कोटेदारों के साथ की एक बैठक ।जिसमें किसान रजिस्ट्री योजना के बारे में बताया गया कि यह योजना किसानों की रजिस्ट्री रहेगी जिसमें उनके आधार कार्ड नंबर को खेत से जोड़ा जाएगा। इसके लिए किसान को किसी भी नजदीकी जन सेवा केंद्र पर जाकर 5 मिनट में रजिस्टर करा सकते है ।और खुद भी वेबसाइट पर अपना अकाउंट बना के रजिस्टर कर सकते हैं ।इसमें सिर्फ आधार कार्ड नंबर और उससे जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर होना चाहिए और किस ग्राम में कौन सा खाता है उसकी जानकारी होनी चाहिए। इन तमाम बातों पर बैठक के दौरान विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई है। साथ सभी राशन डीलरों से कहा गया है कि इस योजना का प्रसार प्रचार अपने अपने गांव में अधिक से अधिक करें। इस मौके पर शिकारपुर तहसील के राशन डीलरों के साथ-साथ सप्लाई इंस्पेक्टर नरेंद्रपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जिला अध्यक्ष प्रज्ञा गौड़ का जन्मदिन वरिष्ठ नेताओं ने आशीर्वाद प्रदान किया



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। बुलंदशहर की जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस प्रज्ञा गौड़ के जन्मदिन पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं व् कार्यकर्ताओं ने अनूपशहर स्थित कार्यालय पर नगर अध्यक्ष सलाम खाँ, प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ,हेमंत शर्मा ,लक्ष्मी नारायण शर्मा ,राजेंद्र शर्मा, जिला महा सचिव ज्ञानेंद्र सिंह राघव, जिला सचिव रवींद्र प्रधान आदि के संयोजन में जन्मदिन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें महिला जिला अध्यक्ष प्रज्ञा गौड़ का जन्मदिन केक काटकर मनाते हुए वरिष्ठ नेताओं ने आशीर्वाद प्रदान किया ।प्रज्ञा गौड़ ने कहा - यदि इसी तरह मेरी समस्त बहनो को सम्मान के साथ पार्टी व् परिवार का साथ मिले तो मेरे देश की प्रत्येक बहन सशक्त ,स्वाभिमान व् सम्मान के साथ उच्च स्थान प्राप्त कर पायेगी , मै बहुत सौभाग्य शाली हूँ जो मेरी पार्टी मेरा परिवार है ,काश ऐसा ही परिवार मेरी समस्त बहनो का होता तो देश के किसी कोने मै मेरी बहने असुरक्षित नही होती। स्वर्गीय इंदिरा गांधी से प्रेरित होकर कांग्रेस में सम्मिलित होने के अपने निर्णय पर फक्र महसूस करते हुए ,अपनी आगे की लड़ाई को और मजबूती से लड़ने, अपनी हर बहन को सम्मान दिलाने के दृढ संकल्प के साथ सभी का आभार प्रकट किया । जन्मदिन समारोह में अध्यक्ष बबलू कुरैशी, सभासद विशाल कुमार ,राय सिंह प्रधान, जीशान कुरैशी ,अहमद हसन, कौशल शर्मा, जीशान कुरैशी चंद खान, इंतजार अली प्रधान सहित दर्जनों नेता का कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

# डॉक्टर अरुण बंसल का निधन हो गया

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर ।बुलंदशहर में जिले के जाने-माने हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अरुण बंसल का आज प्राप्त गुड़गांव में के एक अस्पताल में निधन हो गया वह कैंसर रोग से पीड़ित थे डॉक्टर अरुण बंसल ने अभी हाल ही में बुलंदशहर में एस एस मल्टी स्पेशलिटी नाम से अस्पताल खोला था यह मूल रूप से जहांगीराबाद के रहने वाले थे उनके आत्मिक निधन से जिले के चिकित्सकों में शोक की लहर दौड़ गई है अंतिम संस्कार जहांगीराबाद में किया जाएगा



# नेता प्रतिपक्ष ने कमर्शियल वाहनों के लिए नए फिटनेस सेन्टर खोलने की मांग की



नई दिल्ली ।दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने राजधानी के कमर्शियल वाहनों को फिटनेस सर्टिफिकेट प्राप्त करने में हो रही परेशानियों के मद्देनजर नये सेंटर खोलने की मांग की है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर उन्होंने कहा कि दिल्ली में कमर्शियल वाहनों के लिए केवल एक ही फिटनेस सेंटर होने के कारण लाखों कमर्शियल वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। उन्हें अपनी गाड़ियों का फिटनेस सर्टिफिकेट लेने के लिए लगभग एक महीने बाद का अप्वाइंटमेंट मिल रहा है। इसके चलते बैकलॉग भी बढ़ता जा रहा है। आतिशी को लिखे पत्र में गुप्ता ने बताया कि कमर्शियल वाहनों की एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने उनसे भेंट कर दिल्ली के लाखों कमर्शियल वाहन चालकों को हो रही इस दिक्कत की ओर उनका ध्यान दिलाया है। उन्होंने बताया कि ये समस्याएं व्हीकल इंस्पेक्शन यूनिट, बुराड़ी में फिटनेस परीक्षण बंद होने के बाद बहुत बढ़ गई हैं। ट्रान्सपोर्ट नियमों के मुताबिक एक अक्टूबर से सभी कमर्शियल वाहनों, जिनमें भारी, मध्यम और हल्के मालवाहक और यात्री वाहन शामिल हैं, इनके फिटनेस की जांच केवल ऑटोमेटेड टेस्टिंग विधि द्वारा ही की जानी अनिवार्य कर दी गई है। चूंकि बुराड़ी में मैनुअल फिटनेस परीक्षण किया जा रहा था, जिसे नया नियम आने के बाद इसे बंद कर दिया गया। वर्तमान में, झुलझुली में ही एकमात्र ऑटोमेटेड टेस्टिंग सुविधा से युक्त फिटनेस सेंटर है, जिसमें कमर्शियल वाहन मालिक अपने वाहनों का परीक्षण कराने के लिए मजबूर हैं। गुप्ता ने कहा कि झुलझुली फिटनेस सेंटर में प्रतिदिन पांच सौ वाहन पहुंचते हैं लेकिन केवल दो सौ वाहनों की जांच ही हो पाती है। वाहनों की संख्या बहुत अधिक हो जाने के कारण यहां वाहन चालकों को लगभग एक महीने बाद का अप्वाइंटमेंट मिल रहा है और इस कारण दिन प्रतिदिन बैकलॉग भी बढ़ता जा रहा है। इससे वाहनों के नियमित संचालन में दिक्कत हो रही है, जो उनके मालिकों की रोजी रोटी पर व्यापक और प्रतिकूल असर डाल रही है। बढ़ती प्रतीक्षा अवधि के कारण अधिकारियों की मनमानी और भ्रष्टाचार का सामना भी वाहन चालकों को करना पड़ रहा है। गुप्ता ने मुख्यमंत्री आतिशी से मांग की है

कि दिल्ली के लाखों कमर्शियल वाहन चालकों की दिक्कत को समझते हुए तुरंत ही दिल्ली में ऑटोमेटेड टेस्टिंग सुविधा वाले नए फिटनेस सेंटर खोले जाएं ताकि ये सभी कमर्शियल वाहन बिना किसी बाधा के नियमानुसार सड़कों पर चल सकें।

# महिला शक्ति खेल प्रतियोगिता आयोजित



नई दिल्ली ।नगर निगम प्राथमिक विद्यालय, न 1 मंडावली में महिला शक्ति खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया, कार्यक्रम में तंबोला गेम, रेस एवं विभिन्न प्रकार के गेम खेले गए जिसमें विजेता महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के पश्चात सभी ने मिलकर जलपान किया। इस कार्यक्रम का आयोजन महिलाओं का उत्साहवर्धन हेतु किया गया। हम महिलाएं भी पुरुषों से कम नही। सभी महिलाओं ने निगम पार्षद शशि चांदना का इस भव्य आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

# भारत के पूर्व प्रधानमंत्री किसानो और मजदूरों के मसीहा भारतरत्न श्रद्धेय चौ चरणसिंह जयंती पर आयोजित साप्ताहिक गोष्ठी

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री किसानो और मजदूरों के मसीहा भारतरत्न श्रद्धेय चौ चरणसिंह जयंती पर आयोजित साप्ताहिक गोष्ठी के अन्तर्गत आज जनपद बुलन्दशहर के खुर्जा विधानसभा में गांव सारंगपुर में चौ साहब की 122वी जयंती पर गोष्ठी का शुभारंभ चौधरी चरण सिंह जी की मूर्ति पर गणमान्य ग्राम वासियों द्वारा माल्यार्पण कर प्रारम्भ किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता वयोवृद्ध किसान नेता चौधरी महेंद्र सिंह जी और शानदार संचालन क्षेत्रीय महासचिव श्री विकास चौधरी द्वारा किया गया।आज की सभा में अपने सम्बोधन में प्रदेश महासचिव अरुण चौधरी जीने चौधरी साहब को विश्व विख्यात किसान मजदूर और दलितो के सर्वमान्य नेता बताते हुए उनके द्वारा किसानों के हित में किए गए कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की गन्ना मिलों के निर्माण व पटवारी हड़ताल पर उनकी विशेष प्रशंसा करते हुए सभी जातियों और धर्मों को साथ लेकर चलने की विशेष ता बतायी। गोष्ठी में पूर्व महासचिव जगपाल सिंह ने सम्बोधित करते हुए चौधरी साहब की जीवनी का सजीव चित्रण किया गया और जिला प्रवक्ता ओमवीर सिंह मलिक ने जयंत चौधरी के हाथ मजबूत करने का आह्वान किया। गजेन्द्र सिंह तेवतिया उपाध्यक्ष (कि प्र) ने गोष्ठी में चौ साहब के व्यक्तित्व और उनके द्वारा किए गए किसान मज़दूरो और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने केलिए किये गये कार्यो का उल्लेख करते हुए शौचालयों के निर्माण काम के Hob-by बदले अनाज के अन्तर्गत ग्रामीण सड़कों का निर्माण और बड़ी सड़कों से जोड़ने के लिए किये कार्य ग्रामीण विकास मंत्रालय का निर्माण और वजट के बंटवारे पर विस्तृत प्रकाश डाला। गोष्ठी में चौ हरेंद्र सिंह इत्यादि मौजूद रहे।



# मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर ।केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ अंबेडकर को लेकर की गई विवादित टिप्पणी पर कांग्रेस में आक्रोश है ।जिले के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को काला आम चौराहे पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की ।कांग्रेस ने डॉ अंबेडकर के अपमान का आरोप लगाकर मोदी सरकार और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पूर्व विधायक प्रत्याशी और युवा प्रदेश उपाध्यक्ष जियाउर्रहमान एडवोकेट ने कहा कि मोदी सरकार और भाजपा हमेशा से दलित और अंबेडकर विरोधी रहे हैं। गृहमंत्री का बयान डॉ अंबेडकर सहित देश के दलितों का अपमान है, उन्हें तत्काल माफी मांगकर इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के मसीहा हैं, उनका अपमान एक एक भारतीय का अपमान है ।जियाउर्रहमान ने भाजपा के दलित सांसदों और विधायकों से डॉ अंबेडकर और दलित समाज के सम्मान में तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। वरिष्ठ नेता नरेंद्र चौधरी, निवर्तमान शहर अध्यक्ष प्रशांत बाल्मिकी और डॉ इरफान ने कहा कि अमित शाह और भाजपा ने सदन में डॉ अंबेडकर का अपमान कर संघ के एजेंडे को आगे बढ़ाया है ।उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर हमारे लिए भगवान से बढ़कर हैं जिन्होंने अधिकार दिए, समानता दी और सम्मान दिलाया ।कांग्रेस नेता आशु कुरैशी, मनीष चतुर्वेदी और डॉ एसडी शर्मा ने कहा कि भाजपा संविधान विरोधी है और संविधान बदलने की साजिश रच रही है ।उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर का अपमान करके भाजपा ने आरएसएस को मोदी सरकार के मंसूबे सामने ला दिए हैं । उन्होंने कहा कि दलितों, पिछड़ों और देश के प्रत्येक नागरिक को भाजपा और अमित शाह के मंसूबे समझने होंगे।




प्रदर्शन करने वालों में नरेंद्र चौधरी, शहर अध्यक्ष प्रशांत बाल्मिकी, प्रदेश उपाध्यक्ष जियाउर्रहमान एडवोकेट, डॉ इरफान, शकील अहमद, आशु कुरैशी, डॉ एसडी शर्मा, मनीष चतुर्वेदी, खुशनसीब चौधरी, विमलेश वाल्मीक, आदर्श देव शर्मा, अम्बरीष वर्मा, उम्मीद सूर्यवंशी, तुषार पंडित, रवि वर्मा, रहमत राणा, दुष्यंत, हाजी फजलुर्रहमान, पुष्पेंद्र चौधरी, महिपाल सैनी, दानिश कुरैशी, नवीन शर्मा, करन सिंह, साहिल शाह आदि मौजूद रहे ।

# भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी संगठन निम्नलिखित मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर है

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर ।बुलंदशहर चौधरी कुलदीप गुड्डू एनसीआर अध्यक्ष ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी संगठन सुबह 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक निम्नलिखित मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर है जिसमें निम्न मांग है जैसा कि आपको पता है कि आंदोलन 2020 की शेष रह रही मांगो सहित न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी को लेकर हरियाणा पंजाब के बॉर्डर पर किसान आंदोलन कर रहे है इस आंदोलन में सरदार जगजीत सिंह जो किसानों की मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे हैं जिनकी हालत बेहद नाजुक है आंदोलन कर रहे किसानों की सभी मांगे जायज हैं। किसानों की इन मांगों को हमारे संगठन भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी का पूर्ण समर्थन है। जल्द से जल्द आंदोलन कर रहे किसानों से बातचीत कर देश के किसानों के हित में रास्ता निकालने की कार्य करें अन्यथा सरदार जगजीत सिंह के समर्थन में किसान सड़कों पर उतरने को मजबूर हो जाएगा। कृषि विपणन नीति के नए मसौदे में मंडी से बाहर प्राइवेट स्थान को भी मंडी मानना की शर्त गलत है इससे किसान को सीधा-साधा नुकसान होगा क्योंकि मंडी के अंदर फसल को खरीदने वाले अधिक व्यापारी आते प्राइवेट स्थल को मंडी बनने से फसल के भाव को लेकर होने वाली व्यापारियों की प्रतिस्पर्धा खत्म हो जाएगी प्राइवेट स्थल पर केवल एक ही व्यापारी होगा जिससे किसानों को उनकी फसल का उचित दाम नहीं मिलेगा दूसरा इससे राजस्व की हानि भी होगी जिससे गांव की सड़क में विकास होता है। इस कानून से देश में बेरोजगारी बढ़ेगी और यह उन तीन कानून का हिस्सा होगा जिनका पूरे देश के किसानों ने विरोध किया था इसलिए इस मसौदे को तुरंत वापस लिया जाए पंजाब में गन्ना का मूल्य 410 प्रति कुंतल हरियाणा में 400 प्रति कुंतल है जबकि उत्तर प्रदेश में पश्चिम उत्तर प्रदेश गन्ना के उत्पादन में सबसे आगे है उसके बावजूद भी उत्तर प्रदेश सरकार ने कोई गन्ना का मूल्य निश्चित नहीं किया है। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी संगठन 450 रुपए प्रति कुंतल भाव कम से कम गन्ना का होना चाहिए यह मुख्यमंत्री से मांग करते हैं। बिजली का निजीकरण को रद्द किया जाए इससे किसानों को महंगी बिजली मिलेगी इसलिए निजीकरण को वापस किया जाए उपरोक्त लंबित मांगों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए पूरी मांगे पूरी न होने की स्थिति में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी सभी राज्यों में आंदोलन करेगी




इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सूबे सिंह डागर एनसीआर अध्यक्ष चौधरी कुलदीप गुड्डू जिला अध्यक्ष चौधरी विष्णु सिंह युवा जिला अध्यक्ष रोहित चौधरी उर्फ़ राजू बुलंदशहर जिला प्रभारी निरंजन सिंह फोगाट और जिला संगठन मंत्री वकील साहब जिला अध्यक्ष कार्यकारी बुलंदशहर राजेंद्र सिंह तहसील अध्यक्ष सदर रघुवीर सिंह पवार महिला नगर अध्यक्ष नरगिस बानो अरुण यादव जिला उपाध्यक्ष प्रदेश सचिव रशीद ठाकुर और यशपाल सिंह ब्लॉक सचिव प्रदीप चौधरी तहसील अध्यक्ष खुर्जा पवन शर्मा ब्लॉक सचिव योगेश फौजी तहसील संगठन मंत्री खुर्जा वेद चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष खुर्जा निर्वेश यादव राजकुमार सिंह तहसील उपाध्यक्ष सदर तहसील दिलशाद मंडल संगठन मंत्री प्रशांत कुमार मनीष कुमार विमल चौधरी ब्लॉक उपाध्यक्ष शिकारपुर व अन्य भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के कार्यकर्ता किसान उपस्थित रहे।

# रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता के नए चरण की शुरूआत करने का यह सही समय- राष्ट्रपति मुर्मू

हैदराबाद ।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि अब समय आ गया है कि देश में ही तकनीकी रूप से उन्नत उपकरणों का निर्माण करके रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता का एक नया दौर शुरू किया जाए। उन्होंने यहां रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय (सीडीएम) को 'प्रेसिडेंट्स कलर' प्रदान करने के बाद कहा कि केंद्र सरकार ने रक्षा उद्योग की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया, व्यापार में सुगमता और रक्षा औद्योगिक गलियारों के विकास जैसी पहलों के माध्यम से सरकार भारतीय व विदेशी निवेशकों को रक्षा क्षेत्र में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने स्वदेशीकरण पर जोर देते हुए कहा कि घरेलू विनिर्माण के लिए कई रक्षा उत्पादों की पहचान की गई है और उनका आयात नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'अब समय आ गया है कि भारत में ही तकनीकी रूप से उन्नत उपकरणों का निर्माण करके आत्मनिर्भरता का एक नया चरण शुरू किया जाए।'




# ब्लाक अध्यक्ष बनने पर राज कुमार जैन का स्वागत किया एडवोकेट कर्ण ढीकिया ने



नई दिल्ली ।नन्द नगरी ब्लाक कांग्रेस के नव नियुक्त ब्लाक अध्यक्ष कर्ण ढीकिया ने बाबरपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राज कुमार जैन का स्वागत किया। अपनी टीम के और कर्ण ढीकिया ने विश्वास दिलाया आने वाले विधानसभा चुनाव मे कांग्रेस पार्टी को पूरी मेहनत से से जिता कर लाएंगे और दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की पोल घर घर जा कर खोलेंगे और जी तोड़ पार्टी के लिए काम करेंगे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राज कुमार जैन बाबार पुर जिले के सभी कार्यकर्ताओं से अपील की सभी कार्यकर्ता होने विधानसभा के तैयारी शुरू दे और अपने अपने क्षेत्र कांग्रेस को मजबूत करने का कार्य करें। कर्ण ढीकिया को आशिर्वाद भी दिया। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अश्विनी भारद्वाज, ब्रह्म ढीकिया, सत पाल पहलवान, कु, रेनू कैंट जिला महासचिव, दीपक सिंगल, सुरेन्द्र कुमार राजोरा, टीटू भाई ने भी राज कुमार जैन का स्वागत व धन्यवाद किया।

# जयपुर- राष्ट्रीय राजमार्ग पर एलपीजी टैंकर सहित कई वाहन जले, आठ लोगों की मौत

जयपुर । जयपुर के भांकरोटा इलाके में शुक्रवार सुबह एलपीजी टैंकर को एक ट्रक द्वारा टक्कर मारे जाने के बाद लगी आग ने 30 से अधिक वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में आठ लोग जिंदा जल गए तथा 35 अन्यह झुलस गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हादसे में आठ लोगों की मौत हो चुकी है और आग में झुलसे लगभग 35 लोग अस्पताल में भर्ती हैं जिनमें से कुछ वेंटिलेटर पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्रभ मोदी ने हादसे पर शोक जताते हुए मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। राष्ट्रपति ने भी हादसे में लोगों की मौत पर दुख प्रकट किया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हादसे के बारे में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बात कर जानकारी ली। मुख्यगमंत्री शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा तथा गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम घटनास्थ्ल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना की विस्तृत जांच करवाएंगे और घायलों के इलाज की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि हादसा अलसुबह करीब पौने छह बजे हुआ। शुरुआती जानकारी के अनुसार जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भांकरोटा के पास एलपीजी टैंकर को एक ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे आग लग गई। उन्होंने बताया कि देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और वहां से गुजर रही एक बस सहित अनेक ट्रक, कार उसकी चपेट में आ गए। घटना के वीडियो में लोग जान बचाने के लिए भागते नजर आए और शुरुआत में स्थानीय लोगों ने उन्हीं अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग की लपटें एक किलोमीटर दूर से नजर आ रही थीं और राष्ट्रीय राजमार्ग का एक बड़ा हिस्सा ''आग के गोले'' में तब्दील हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी में कम से कम 31 वाहनों के जलने की सूचना है जिनमें 29 ट्रक तथा दो बस शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आशंका है कि संभवत: अचानक आग की चपेट में आने से कुछ लोग अपने वाहनों से बाहर नहीं निकल पाए और अंदर ही जल गए। उसने बताया कि सभी वाहनों की गहन जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बताया कि घायलों में से करीब आधे की हालत 'बेहद गंभीर' है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और स्वास्थ्य मंत्री खींवसर सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल पहुंचे, जहां झुलसे हुए लोगों को भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों और चिकित्सकों से बात की और उचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुर्घटना स्थल का दौरा किया और पुलिस अधिकारियों से भी बात की। घटनास्थिल पर पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा, ''बहुत ही दर्दनाक घटना है। मैं अस्पताल जाकर आया हूं। मैंने वहां उचित व्यपवस्थामएं करने के निर्देश दिए हैं। हम घटना की विस्तृत जांच करवाएंगे। घायलों के इलाज की व्यवस्था करेंगे।''उन्हों ने कहा, ''ऐसे हादसों को किस तरह से रोका जाए इस पर भी सरकार निश्चित रूप से विचार करेगी। प्रशासन पूरी तरह से



लगा (बचाव कार्य में) हुआ है।'' इस दौरान उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, जिलाधिकारी जितेंद्र सोनी तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे पर दुख व्यबक्त् किया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से 'एक्सच' पर पोस्ट कर कहा गया, ''राजस्थान में जयपुर-अजमेर राजमार्ग पर हुए हादसे में लोगों की मौत से दुखी हूं।
उन लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।''उन्होंने कहा, ''स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायल को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।''वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स।' पर पोस्ट कर कहा, ''राजस्थान के जयपुर में हुआ सड़क हादसा अत्यंत दु:खद है। इस हादसे में अपना जीवन गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। इस संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बात हुई। स्थानीय प्रशासन घायलों को तुरंत उपचार प्रदान करने का काम कर रहा है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।'' राष्ट्रपति मुर्मू ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''जयपुर में सड़क दुर्घटना में अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना करती हूं। उनके परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी शोक संवेदनाएं! मेरी प्रार्थना है कि घायल हुए लोग शीघ्र ही स्वस्थ हों।''खींवसर ने संवाददाताओं को बताया कि अस्पताल लाए गए घायलों में से करीब आधे की हालत बेहद गंभीर है। उन्होंने कहा, ''स्थिति को संभालने के लिए सभी चिकित्सकों, रेजिडेंट चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ को बुलाया गया। मरीजों के उपचार के लिए एक और वार्ड खोला गया है। कुछ लोगों को नजदीकी अस्पतालों में प्राथमिक उपचार दिया गया है।''स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दुर्घटना स्थल से एसएमएस अस्पताल तक ''ग्रीन कॉरिडोर'' बनाया गया है।
एक अधिकारी ने बताया, ''राजसमंद से जयपुर आ रही एक निजी स्लीपर बस दुर्घटना के समय गैस टैंकर के पीछे थी। बस में सवार यात्रियों के बारे में जानकारी जुटाने के प्रयास जारी हैं। जले हुए वाहनों को राष्ट्रीय राजमार्ग से हटाया जा रहा है ताकि यातायात बहाल हो सके।''राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हादसे पर शोक जताया है। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, कांग्रेस व भाजपा के कई विधायक भी अस्पताल पहुंचे। जयपुर के पुलिस आयुक्त् बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बताया, ''एलपीजी टैंकर से एक ट्रक टकरा गया। इससे टैंकर के पीछे का नोजल टूट गई और गैस लीक हो गई, जिससे भीषण आग लग गई।'' उन्होंने कहा, ''टैंकर के पीछे के वाहनों में आग लग गई। दूसरे ओर से आ रहे अन्य वाहन भी इसकी चपेट में आ गए। अचानक हुई घटना के कारण वाहन आपस में टकरा गए।''जोसेफ ने कहा, ''गैस लीक होने के कारण इलाका ''गैस चैंबर'' जैसा बन गया। आग बहुत तेजी से फैल गई, जिससे वाहनों के अंदर बैठे लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला।'' घटना के वीडियो में आग की लपटों में घिरे कुछ लोगों को वाहन से बाहर भागते हुए और जलते कपड़े निकालते देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना वाले इलाके में अनेक पक्षी भी मृत मिले हैं और स्थानीय लोगों ने धुएं के कारण आंखों में खुजली तथा सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की है। भांकरोटा पुलिस थाना के प्रभारी मनीष गुप्ता ने बताया कि शुरुआत में आग पर काबू पाना मुश्किल था। उन्होंने कहा, ''शुरू में दमकल की टीम जल रहे वाहनों तक नहीं पहुंच पाई। इलाके में तीन पेट्रोल पंप हैं, लेकिन राहत की बात है कि उन्हें किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है।''गुप्ता ने बताया कि यह घटना एक निजी स्कूल के सामने की है और पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाने के लिए 25 से अधिक एंबुलेंस का इस्तेमाल किया गया।
अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने कहा, ''प्राथमिक सूचना पर मानसरोवर दमकल केंद्र से कुछ दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन बाद में अन्य केंद्रों से भी दमकल गाड़ियां भेजी गईं।''क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की एक टीम भी घटना की जांच करने के लिए मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि फॉरेंसिक विशेषज्ञों की ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं और राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे पाइप बनाने वाली एक फैक्टरी भी तबाह हो गई और पाइप पिघल गए हैं। हादसे में राष्ट्रीय राजमार्ग का करीब 300 मीटर का हिस्सा प्रभावित हुआ, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई।
एक स्कूल वैन चालक ने बताया कि आग की लपटें एक किलोमीटर दूर से दिखाई दे रही थीं और वहां अफरातफरी मची हुई थी। पीड़ितों के परिजनों की मदद के लिए जिला प्रशासन की एक टीम अस्पताल में मौजूद है। जयपुर पुलिस ने दुर्घटना में घायलों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं।

# नीतीश कुमार अलविदा यात्रा पर निकलने से पहले जनता के सवालों का जवाब दें - तेजस्वी

पटना । बिहार विधान सभा में प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दो अरब 25 करोड़ 78 लाख की अलविदा यात्रा पर निकलने से पहले बिहार की जनता के सवालों के जवाब देने चाहिए श्री यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री श्री कुमार को जनता से क्षमा-याचना मांगनी चाहिए कि 20 वर्षों में कथित यात्राओं के माध्यम से राजनीतिक पर्यटन पर निकलने के बावजूद वो अभी तक वास्तविक तथ्य-सत्य और साक्ष्य क्यों नहीं जान एवं समझ पाए है। वह बताएं कि 20 साल मुख्यमंत्री रहने के बाद भी बिहार की प्रति व्यक्ति आय देश में सबसे कम क्यों है। नेता प्रतिपक्ष ने पूछा कि बीस साल मुख्यमंत्री रहने के बाद भी बिहार मानव विकास सूचकांक और नीति आयोग के सतत विकास सूचकांक के हर मापदंड में सबसे पीछे क्यों है। एक भी संकेतक को सुधारने में क्या 200 साल और चाहिए। बीस साल बाद भी मुख्यमंत्री क्यों नहीं जान पाए हैं कि बिहार के 36.6 प्रतिशत स्कूलों में लड़कियों के लिए शौचालय नहीं है। बिहार के 5681 सरकारी विद्यालयों के पास अपना भवन भी नहीं है और वह बगल के विद्यालय से संलग्न होकर चलाए जा रहे हैं जबकि इनमें से 933 के पास भूमि उपलब्ध है तथा जिन विद्यालयों के पास अपना भवन है उनमें



से 62 प्रतिशत प्राथमिक विद्यालय और 20 प्रतिशत माध्यमिक विद्यालयों के परिसरों की चारदीवारी भी क्यों नहीं है। बारम्बार यात्राएं करने के बाद भी श्री कुमार को यह पता क्यों नहीं चलता था कि जिला सदर अस्पताल, मेडिकल कॉलेज एवं अनुमंडलीय अस्पतालों के हालात इतने बदतर क्यों थे? 17 महीने में हमने मिशन-60, मिशन परिवर्तन और मिशन बुनियाद के तहत सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में क्रांतिकारी बदलाव के साथ चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मियों, उपकरणों एवं दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करायी। हमारे हटने के बाद से फिर एक साल में स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं में गिरावट क्यों हुई, क्या मुख्यमंत्री इसमें सुधार का प्रयास करेंगे। श्री यादव ने कहा कि बिहार के थानों और कार्यालयों में रिश्वतखोरी एवं अफ़सरशाही क्यों है। जिला मुख्यालय से बाहर निकलकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह जानने की कोशिश क्यों नहीं की। मुख्यमंत्री ने जब यात्राएं शुरू नहीं की थी तब बिहार की चीनी मिलें चलती थी लेकिन मुख्यमंत्री द्वारा यात्राएं शुरू करने के बाद से सभी चीनी मिल बंद क्यों है? मुख्यमंत्री जवाब दें उन्होंने चीनी मिले बंद क्यों करायी। दस वर्ष से डबल इंजन सरकार होने के बावजूद भी चीनी मिल शुरू क्यों नहीं हो पाई। हम 17 महीने सरकार में आए तो राजद कोटे से गन्ना और उद्योग विभाग ने मिलकर रीगा चीनी मिल शुरू कराने का कैबिनेट से निर्णय पास कराया? आपसे इतने सालों की सत्ता में यही काम क्यों नहीं हो पाया था। 17 बरसों से कथित फिजूलखर्ची यात्रा करने के बाद भी मुख्यमंत्री और उनके अधिकारियों को यह क्यों नहीं पता चला कि विभिन्न विभागों में 10लाख पद रिक्त थे? नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आम जनता को चिढ़ाने वाले इन बेमतलब की यात्राओं में जब मुख्यमंत्री जिले-जिले मुँह चमकाने के लिए घूमते थे तब भी इनको यह ज्ञात क्यों नहीं होता था कि जिला रोजगार पंजीकरण एक्सचेंज में कितने बेरोजगार पंजीकृत है। उनकी नज़र में रोजगार पंजीकरण एक्सचेंज का कोई मतलब भी है या नहीं। जनता के पैसों को बर्बाद कर यात्रा करने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अभी तक यह ज्ञात क्यों नहीं हुआ कि बिहार के आधे घरों से यानि हर दूसरे घर से लोग काम की तलाश में राज्य से बाहर पलायन कर अपने परिवार से दूर रहने को विवश क्यों हैं? हर वर्ष कम से कम आधा साल बिहार बाढ़ या सुखाड़ से जूझता है। सरकारी खजाने से अरबों खर्च कर अपने महिमामंडन के लिए राजनीतिक पर्यटन पर निकलने वाले आत्ममुग्ध सीएम को इतना समय भी नहीं मिला कि डबल इंजन सरकार होने के बावजूद इतनी गंभीर समस्या के हल पर कुछ विचार करें? क्या सीएम को किसानों की दिक़्क़त और खाद की क़िल्लत के बारे में जानकारी है? अगर है तो खाद की कालाबाज़ारी के क्या वो दोषी नहीं है। पहले की यात्राओं के दौरान की गयी घोषणाओं, आश्वासनों और निर्देशों का अनुपालन नहीं होना क्या एक विफल, कमजोर, रिटायर्ड अधिकारियों पर आश्रित बेबस मुख्यमंत्री का परिचायक नहीं है। क्या मुख्यमंत्री को अपनी विफलता के लिए क्षमाप्रार्थी नहीं होना चाहिए?

## सांसदों से जनता के विश्वास और अपेक्षाओं का सम्मान करने की धनखड़ की अपील



नई दिल्ली । राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को सांसदों से जनता के विश्वास और अपेक्षाओं का सम्मान करने की अपील करते हुए कहा कि दुनिया हमारे लोकतंत्र को देखती है, फिर भी हम अपने आचरण से अपने नागरिकों को निराश करते हैं। ये संसदीय व्यवधान जनता के विश्वास और अपेक्षाओं का मज़ाक उड़ाते हैं।
श्री धनखड़ ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद विपक्ष विशेषकर कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित करने से पहले सांसदों से जवाबदेही और आत्मनिरीक्षण का आह्वान भी किया। उन्होंने सदन में व्यवधान के बीच संसदीय कार्यवाही की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, 卐माननीय सदस्यों, दुनिया हमारे लोकतंत्र को देखती है, फिर भी हम अपने आचरण से अपने नागरिकों को निराश करते हैं। ये संसदीय व्यवधान जनता के विश्वास और अपेक्षाओं का मज़ाक उड़ाते हैं। परिश्रम के साथ सेवा करने का हमारा मौलिक कर्तव्य उपेक्षित है। जहाँ तर्कसंगत संवाद होना चाहिए, वहाँ हम केवल अराजकता देखते हैं। मैं प्रत्येक सांसद से, चाहे वह किसी भी पार्टी का हो, अपने विवेक की जाँच करने का आग्रह करता हूँ।
उन्होंने कहा, ''हमारे लोकतंत्र के नागरिक-मानवता का छठा हिस्सा-इस तमाशे से बेहतर के हकदार हैं। हम उन बहुमूल्य अवसरों को बर्बाद कर देते हैं, जो हमारे लोगों की भलाई के लिए काम आ सकते थे। मुझे उम्मीद है कि सदस्य गहराई से आत्मनिरीक्षण करेंगे, और नागरिक अपनी जवाबदेही का प्रयोग करेंगे। ये पवित्र सदन ऐसे आचरण के हकदार हैं जो हमारी शपथ का सम्मान करते हैं, न कि ऐसे नाटक जो इसे धोखा देते हैं।

# हल्के में न लें, वायु प्रदूषण गले को कर रहा खराब



नई दिल्ली । दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण अति गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। महीने भर से सिलसिला जारी है हालांकि बीच में कुछ हद तक स्थिति नियंत्रण में थी लेकिन एक बार फिर एक्यूआई ने लोगों की पेशानी पर बल डाल दिया है। प्रदूषण से कान, नाक और गले पर भी बुरा असर पड़ता है। हाल ही में इसे लेकर दिल्ली में एक सर्वे कराया गया, जिसमें चौंकाने वाले तथ्य निकल कर सामने आए। हेल्थकेयर प्रदाता प्रिस्टीन केयर द्वारा कराए सर्वेक्षण में दिल्ली, मेरठ, फरीदाबाद, नोएडा, गाजियाबाद, रोहतक, चंडीगढ़, कानपुर आदि शहरों के 56,176 व्यक्तियों को शामिल किया गया। इनमें से लगभग आधे (41 प्रतिशत) ने उच्च प्रदूषण की अवधि के दौरान आंखों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं में उल्लेखनीय वृद्धि देखी, जबकि 55 प्रतिशत ने अपने कान, नाक या गले को प्रभावित करने वाली समस्याओं की बात बताई। इनमें से 38 प्रतिशत ने प्रदूषण की वजह से आंखों में जलन और सूजन की शिकायत की है। इसके प्रभावित लोगों में आंखें में लालिमा और खुजली जैसे आम लक्षण दिखाई दिए। लोगों ने प्रदूषण बढ़ने के दौरान इन बीमारियों में वृद्धि का उल्लेंख किया। इसमें गले में खराश, नाक में जलन और कान में तकलीफ जैसी ईएनटी समस्याएं भी शामिल थीं। इन स्वास्थ्य समस्यांओं ने दीर्घकालिक चिंताएं पैदा की। इस सर्वेक्षण में यह बात सामने आई कि ईएनटी समस्यांओं से जूझ रहे 68 प्रतिशत लोग स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों से परामर्श नहीं करते। प्रिस्टिन केयर के ईएनटी सर्जन डॉ. धीरेंद्र सिंह ने बताया, खतरनाक वायु गुणवत्ता सभी के स्वास्थ्य के लिए चिंताजनक है। बच्चे विशेष रूप से इसके प्रति संवेदनशील हैं। ऐसी हवा के संपर्क में आने से नाक और कान में संवेदनशील श्लेष्म झिल्ली में जलन हो सकती है, जिसके परिणामस्वरूप समय के साथ पुरानी स्थितियां हो सकती हैं। इन सबसे बचने के लिए बाहरी संपर्क को कम करना, मास्क पहनना और हाइड्रेटेड रहना आवश्यक है। इसके साथ ही आंखों के स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। वही प्रिस्टिन केयर के सह-संस्थापक डॉ वैभव कपूर ने कहा, यह जानकर आश्चर्य होता है कि लोग प्रदूषण और स्वास्थ्य पर इसके हानिकारक प्रभाव को कितने हल्के में लेते हैं। आंख और ईएनटी से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि के उपायों की तत्काल आवश्यकता पर जोर देती है। बढ़ते प्रदूषण के स्तर के साथ, व्यक्तियों को अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए सक्रिय कदम उठाने की आवश्यकता है। इन चुनौतियों के बावजूद सर्वेक्षण ने जनता के बीच इससे निपटने के उपायों को अपनाने में कमी नजर आई। केवल 35 प्रतिशत ने सुरक्षात्मक आईवियर या धूप का चश्मा पहनने की सूचना दी, और लगभग 40 प्रतिशत ने उच्च प्रदूषण वाले दिनों में ईएनटी से संबंधित मुद्दों के लिए कोई विशेष सावधानी नहीं बरतने की बात स्वीकार की। फिर भी, आधे से अधिक लोगों ने आंखों और ईएनटी स्वास्थ्य पर प्रदूषण के दीर्घकालिक प्रभावों के बारे में चिंता व्यक्त की।

## राहुल गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए - रविशंकर प्रसाद

नई दिल्ली । संसद परिसर में हुई धक्का-मुक्की में दो भाजपा सांसद चोटिल हो गए जिसके बाद उन्हें आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने पार्टी के घायल सांसद मुकेश राजपूत और प्रताप सारंगी से अस्पताल में मुलाकात की। दोनों घायल सांसद दर्द से परेशान हैं। प्रताप सारंगी के पूरे सिर पर पट्टी बंधी हुई है। आज देश का लोकतंत्र और संसद शर्मसार हुई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इसके लिए जिम्मेदार हैं। राहुल गांधी, जो कि पूर्व प्रधानमंत्री के पुत्र हैं, एक पूर्व प्रधानमंत्री के पौत्र हैं, यह उनकी विरासत है? क्या उन्होंने अपने पूर्वजों से यही संस्कार सीखा है? राहुल गांधी संसद में जाने के लिए साइड से निकल सकते थे। लेकिन उन्होंने बल का प्रयोग किया और धक्का दिया। राहुल गांधी में इतना भी संस्कार नहीं है कि अगर उनसे गलती हो गई है तो वह माफी मांगे। उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि राहुल गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस देश से साफ हो रही है लेकिन अहंकार में राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस पार्टी को राहुल गांधी को समझाना चाहिए। रवि शंकर प्रसाद ने लिखा कि भाजपा के चोटिल सांसदों प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत का राम मनोहर लोहिया अस्पताल जाकर कुशल क्षेम जाना। ईश्वर से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। 'लोकतंत्र के मंदिर' संसद भवन में राहुल गांधी और कांग्रेस के सांसदों द्वारा अराजकता और नफरती कारनामा बेहद निंदनीय है। संसद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले ऐसे कुकृत्य को देशवासी कभी माफ नहीं करेंगे। दूसरे पोस्ट में लिखा, मोहब्बत की दुकान चलाने का झूठा दावा करने वाले राहुल गांधी का अहंकारी और हिंसक चेहरा आज सामने आ गया। विपक्ष के नेता के महत्वपूर्ण पद पर बैठे राहुल गांधी आज नागालैंड (नॉर्थ ईस्ट) से महिला सांसद एस. फंगनोंन कोन्याक के साथ अशोभनीय व्यवहार किया तथा सांसदों को धक्का दिया जिसमें भाजपा के वरिष्ठ सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत को गंभीर चोटें आई हैं। इनके साथ सहानुभूति के एक शब्द कहने की बजाय राहुल गांधी टेलीविजन पर साफ कहते दिखाई पड़ रहे है कि उन्होंने धक्का दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गैंस टैंकर आग हादसे के मृतक आश्रितों को पांच लाख एवं घायलों को एक लाख की सहायता

जयपुर । राजस्थान सरकार ने राजधानी जयपुर में जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गैस टैंकर में आग लगने की घटना में प्रत्येक मृतक के आश्रित को पांच लाख रुपए एवं घायलों को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह निर्णय लिया। श्री शर्मा ने इस घटना को अत्यंत दु:खद एवं हृदयविदारक बताया और मृतकों को श्रद्धाजंलि एवं घायलों को जल्द स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की। घायलों के समुचित और त्वरित उपचार को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और करीब तीन दर्जन लोग घायल हो गए।

### आंध्र प्रदेश- निर्माणाधीन मकान में बक्से में बंद कर शव पहुंचाया गया

येंदागंदी । आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी जिले में एक परिवार को एक बक्से में 45-वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का शव पहुंचाया गया तथा 1.3 करोड़ रुपये की मांग भी की गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह बक्सा एक परिवार के निर्माणाधीन घर पर पहुंचाया गया। जिला पुलिस अधीक्षक अदनान नईम आसमी ने बताया कि बृहस्पतिवार रात को परिवार को बक्से के साथ एक पत्र दिया गया, जिसमें उनसे 1.3 करोड़ रुपये की मांग की गई है। परिवार में चार सदस्य हैं। आसमी ने बताया, ''कल रात शव इस स्थान (निर्माणाधीन मकान) पर पहुंचा।'' उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की विस्तृत जानकारी के लिए जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह 'बक्सा' ऑटोरिक्शा में एस. तुलसी के निर्माणाधीन घर पर पहुंचाया गया।

### पूर्वी कोलकाता की झुग्गी बस्ती में लगी आग

कोलकाता । पूर्वी कोलकाता के तोपसिया इलाके में शुक्रवार को एक झुग्गी बस्ती में आग लग गई, जिसमें कई झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दोपहर करीब 12.50 बजे लगी आग पर काबू पाने के लिए दमकल की आठ गाड़ियों को लगाया गया। अंतिम सूचना मिलने तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने बताया कि आग को फैलने से रोकने के लिए दमकलकर्मियों को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि घर एक-दूसरे से सटे हुए हैं और वहां कथित तौर पर ज्वलनशील वस्तुएं रखी हुई हैं। स्थानीय लोगों को आग बुझाने के लिए दमकल कर्मियों की मदद करते देखा गया, जबकि प्रभावित निवासियों के एक समूह ने पुलिस के साथ बहस भी की। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि आग को देखते हुए लोगों को पास में स्थित ऊंची इमारत से भी निकाला जा रहा है।

### राजस्थान में अगले सप्ताह हो सकती है बारिश

जयपुर । राजस्थान में कड़ाके की सर्दी के बीच एक पश्चिमी विक्षोभ के असर से अगले सप्ताह बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में सर्दी व शीतलहर अभी जारी रहेगी। जयपुर मौसम केंद्र के प्रवक्ता के अनुसार, ''राज्य में दिसंबर के आखिरी सप्ताह में एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मेघ गर्जन के साथ-साथ कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। 25 दिसंबर को दक्षिण पूर्वी राजस्थान जबकि 26 और 27 दिसंबर को उदयपुर, अजमेर, कोटा, जयपुर, भरतपुर व बीकानेर संभाग के कुछ भागों में मेघ गर्जन के साथ हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है।'' इसके अनुसार राज्य में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट आने तथा शीतलहर के अभी जारी रहने का अनुमान है। वहीं शुक्रवार सुबह तक के बीते चौबीस घंटों के दौरान राज्य में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा। इस दौरान पश्चिमी राजस्थान में कहीं-कहीं पर हल्का कोहरा रहा जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.0 डिग्री सेल्सियस फतेहपुर (सीकर) में दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर सहित अनेक इलाकों में कल से सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है।

### छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में नक्सलियों के आईईडी धमाके में डीआरजी के दो जवान घायल

नारायणपुर । छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में शुक्रवार को नक्सलियों के 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) धमाके में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के दो जवान घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े आठ बजे कोहकामेटा थाना क्षेत्र के कच्चापाल गांव के पास उस वक्त हुई जब डीआरजी और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की एक संयुक्त टीम तलाश अभियान पर निकली। अभियान कच्चापाल पुलिस शिविर से शुरू किया गया। जब गश्ती दल कच्चापाल के पास एक वन क्षेत्र की घेराबंदी कर रहा था, तभी नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट कर दिया, जिससे डीआरजी के कांस्टेबल जनक पटेल और घासीराम मांझी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को नारायणपुर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### महाराष्ट्र के रायगढ़ में निजी बस पलटने से पांच लोगों की मौत, 27 लोग घायल

मुंबई । महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में शुक्रवार सुबह विवाह समारोह से लोगों को ले जा रही तेज रफ्तार बस पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई और 27 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब सवा नौ बजे मनगांव के निकट ताम्हिनी घाट पर हुई। उन्होंने कहा कि बस पुणे के लोहेगांव से महाड के बीरवाड़ी की ओर जा रही थी। अधिकारी ने कहा कि एक मोड़ पर चालक का वाहन पर से नियंत्रण खो गया, जिसके बाद वाहन पलट गया। उन्होंने कहा कि दो पुरुषों और तीन महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। घायल हुए 27 लोगों को मनगांव ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने कहा कि चार मृतकों की पहचान संगीता जाधव, गौरव दराडे, शिल्पा पवार और वंदना जाधव के रूप में हुई है जबकि एक व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

### तीन बिल्डरों पर आयकर विभाग की छापेमारी, 300 करोड़ के अघोषित निवेश और बड़ी मात्रा में नकदी बरामद

भोपाल । मध्य प्रदेश में भोपाल के तीन बिल्डरों के यहां जारी आयकर विभाग की छापेमारी गुरुवार को भी जारी रही। विभाग ने तीनों बिल्डरों त्रिशूल कंस्ट्रक्शन कंपनी, क्वालिटी बिल्डर और ईशान बिल्डर के 52 ठिकानों पर बुधवार को रेड शुरू की थी। विभागी कार्रवाई में अघोषित रूप से विभिन्न कंपनियों में लगभग 300 करोड़ रुपये के निवेश की जानकारी मिली है। ये कंपनियां भोपाल, इंदौर के अतिरिक्त जबलपुर, कटनी और रायपुर की हैं। निवेश में छत्तीसगढ़ के बड़े खनन कारोबारी का नाम भी सामने आ रहा है। बता दें कि आयकर विभाग की ओर से भोपाल में 49, इंदौर में दो और ग्वालियर में एक स्थान पर छापेमारी की गई है। ये ठिकाने तीनों बिल्डरों से जुड़े हैं। सहारा सिटी का सौदा त्रिशूल कंस्ट्रक्शन कंपनी के राजेश शर्मा और उनके साथियों द्वारा भोपाल के नर्मदापुरम रोड स्थित सहारा सिटी में 110 एकड़ जमीन खरीदे जाने की जानकारी मिली है। यह सौदा आयकर विभाग के निशाने पर है। दस्तावेजों की जांच में कई अनियमितताएं उजागर हुई हैं। 25 बैंक लॉकर और नकदी बरामद आयकर विभाग को अब तक की कार्रवाई में 25 बैंक लॉकर मिले हैं, जिनमें बड़ी मात्रा में नकदी और ज्वेलरी छिपाई गई है। विभाग को पांच करोड़ रुपये नकद भी बरामद हुए हैं। हालांकि, इन लॉकरों में मिली नकदी और ज्वेलरी का मूल्यांकन अभी बाकी है।